Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 199 | सोमवार, 21 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## गाजियाबाद के दूधेश्वर नाथ मंदिर में रुद्राभिषेक कर ली कांवड़ मेला तैयारियों की जानकारी

# सीएम योगी ने दूधेश्वर नाथ मंदिर में रुद्राभिषेक कर कांवड़ मेला तैयारियों का लिया जायजा





**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद स्थित ऐतिहासिक और सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ महादेव मठ मंदिर रविवार को इतिहास का साक्षी बना, जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां रुद्राभिषेक कर श्रावण कांवड़ महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। पूरे मंदिर परिसर में हर-हर महादेव के जयघोष, वैदिक मंत्रोच्चार और श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच मुख्यमंत्री ने न केवल पूजा-अर्चना की, बल्कि मेले की प्रशासनिक तैयारियों का जमीनी जायजा भी लिया।

यह सिर्फ पूजा नहीं थी, यह था आस्था और प्रशासन का अद्वितीय संगम मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट कर दिया कि सरकार श्रद्धा को सिर्फ सम्मान नहीं, सुरक्षा भी देती है। मुख्यमंत्री ने मंदिर में विधिपूर्वक रुद्राभिषेक किया और दूधेश्वरनाथ वेद पाठशाला के छात्रों द्वारा पारंपरिक वैदिक रीति से किए गए स्वागत को भावुकता से स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि यह मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति की जड़ें हैं। यह पीढियों को जोड़ता है, पहचान देता है, और धार्मिक चेतना को जीवित रखता है। उन्होंने श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति और मंदिर समिति द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि कांवड़ मेला केवल उत्सव नहीं, एक सामूहिक साधना है जिसमें शासन, प्रशासन और समाज तीनों की भागीदारी अनिवार्य है। मुख्यमंत्री मंदिर परिसर में करीब 30 मिनट तक ठहरे। इस पावन अवसर पर गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी, सैंकड़ों पार्षद, मंदिर समिति के सदस्य व सैकड़ों संत-महात्मा और श्रद्धालु उपस्थित रहे। हर कोई मुख्यमंत्री की इस ऐतिहासिक उपस्थिति को लेकर उत्साहित दिखा। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी दीपक मीणा, पुलिस आयुक्त जे. रविन्द्र गौड़, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंहमलिक, जीडीए वीसी अतुल वत्स, डीसीपी सिटी धवल जायसवाल, एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और श्रीमहंत नारायण गिरी जी महाराज से कांवड़ मेले की व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। पेयजल, साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा, ट्रैफिक कंट्रोल, और शिविर प्रबंधन हर बिंदु पर मुख्यमंत्री ने व्यक्तिगत पूछताछ की। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में इस वर्ष की गई व्यवस्थाएं राज्य स्तर पर मॉडल के रूप में प्रस्तुत की जा सकती हैं। श्रावण मास के इस अद्भुत आरंभ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गाजियाबाद आगमन और दूधेश्वरनाथ मंदिर से कांवड़ मेले का उद्घाटन आस्था, परंपरा और प्रशासन के त्रिवेणी संगम का प्रतीक बन गया। हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा, कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा पर विशेष फोकस, और धार्मिक स्थलों के उत्थान की प्रतिबद्धता योगी सरकार के 'आस्था के साथ प्रशासन' के दृष्टिकोण को सजीव करती है। मंदिर से निकलने के बाद मुख्यमंत्री पुलिस लाइन पहुंचे, जहां से उन्होंने हेलीकॉप्टर द्वारा मेरठ, मुजफ्फरनगर, हापुड़ और गाजियाबाद के प्रमुख कांवड़ रूटों पर हवाई निरीक्षण और पुष्पवर्षा की। इस दृश्य ने एक ओर जहाँ शिवभक्तों के चेहरों पर आस्था की मुस्कान बिखेरी, वहीं यह संदेश भी दिया कि उत्तर प्रदेश सरकार हर श्रद्धालु की यात्रा को सुरक्षित, सुखद और स्मरणीय बनाने को प्रतिबद्ध है।

> दूधेश्वरनाथ वेद पाठशाला के विद्यार्थियों ने पारंपरिक सनातनी परंपरा से किया स्वागत



## एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर बोला तीखा हमला

# जब रोम जल रहा था नीरो बांसुरी बजा रहा था

**नई दिल्ली।**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री ने शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष पर निशाना साधने के लिए रोमन सम्राज नीरो का जिक्र किया। उन्होंने उद्धव का नाम लिए बिना कहा कि कुछ लोग अपनी पार्टी छोड़ने पर जश्न मना रहे हैं।

हमने इस तरह का व्यवहार पहले कभी नहीं देखा। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर निशाना साधा। इसके लिए उन्होंने रोमन सम्राट नीरो और उनसे जुड़ी एक लोकप्रिय किंवदंती का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब रोम जल रहा था, नीरो बांसुरी बजा रहा था। शिंदे ने ठाणे में चिकित्सा उद्यमियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष के चुनाव हारने पर चुनाव आयोग की आलोचना पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जब कुछ लोगों को हार मिलती है, तो वे चुनाव आयोग पर सवाल उठाने लगते हैं, लेकिन जब जीतते हैं तो उसी की तारीफ करते हैं। शिंदे ने उद्धव का नाम लिए बिना कहा, 'यह अजीब है कि कुछ लोग अपनी पार्टी (शिवसेना-यूबीटी) छोड़ने पर जश्न मना रहे हैं। हमने इस तरह का व्यवहार पहले कभी नहीं देखा। 'जब रोम जल रहा था, नीरो बांसुरी बजा रहा था।' उन्होंने कहा कि आत्मनिरीक्षण करने के बजाय, कुछ नेता सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप में लगे हैं और दूसरों को कोस रहे हैं। शिंदे ने महायुति सरकार की उपलब्धियों, खासकर महिलाओं के लिए योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'हमने 2.5 करोड़ बहनों के लिए ऐतिहासिक योजनाएं बनाई हैं। कई लोगों ने सत्ता हासिल करने की कोशिश की और पहले से ही पांच सितारा होटल और मंत्रालय बुक कर लिए। लेकिन जनता ने, खासकर हमारी बहनों ने उनके सपनों को चकनाचूर कर दिया और महायुति को फिर से सत्ता में ला दिया।'





# दिल्ली में आज मूसलाधार बारिश के आसार

**नई दिल्ली।**

दिल्ली-एनसीआर में उमस गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। हालांकि, मौसम विभाग ने दिल्लीवासियों को खुशखबरी सुनाई है। आज दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश के आसार हैं। अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। उत्तर प्रदेश के कई पश्चिमी जिलों में मेघगर्जन और वज्रपात को लेकर चेतावनी जारी की गई है। इसके अलावा, राज्य के उत्तरी जिलों में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बांका, बोधगया, बक्सर, गया, हाजीपुर, मोतिहारी, नालंदा, पूर्णिया और सासाराम सहित कई जिलों में गरज के साथ मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की गई है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान में भी आज बारिश की उम्मीद है। जैसलमेर, जयपुर, अलवर और अजमेर सहित कई जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है, जो चिंता का विषय बनता जा रहा है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, 21 से 22 जुलाई के बीच उत्तरी और दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।



# एअर इंडिया एक्सप्रेस की रांची-दिल्ली फ्लाइट रद

**रांची।**

बिरसा मुंडा एअरपोर्ट पर रविवार को तकनीकी खराबी के कारण एअर इंडिया एक्सप्रेस के रांची-दिल्ली विमान (आईएक्स 1200) को रद कर दिया गया। संबंधित विमान से झारखंड के चार सांसदों को सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में भाग लेने के लिए दिल्ली जाना था। राज्यसभा सदस्य प्रदीप वर्मा ने बताया कि एअर इंडिया एक्सप्रेस का दिल्ली-रांची विमान (आईएक्स 1199) अपने निर्धारित समय शाम 04:52 बजे दिल्ली से रांची पहुंच चुका था। शाम छह बजे एअर इंडिया एक्सप्रेस के रांची-दिल्ली विमान (आईएक्स 1200) को उड़ान भरना था। विमान में 180 यात्री व छह क्रू मेंबर सवार थे।




# ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन बना रहा सबसे बड़ा बांध

**नई दिल्ली।**

पिछले पांच वर्षों से चीन सरकार की तरफ से रह-रह कर इस तैयारी की जानकारी दी जा रही थी कि वह ब्रह्मपुत्र नदी के मूल उद्यम स्त्रोत यार्लंग जांगबो के पास दुनिया की सबसे बड़ी पनबिजली परियोजना लगाएगी। भारत आधिकारिक तौर पर इस परियोजना को लेकर अपनी चिंताएं भी चीन के समक्ष कई बार उठा चुका है। लेकिन अब चीन ने इस परियोजना के लिए निर्माण कार्य की शुरूआत कर दी है। शनिवार को चीन के दक्षिणीपश्चिमी क्षेत्र में स्थित शहर नाइनगशी में पीएम ली शियांग ने 167.8 अरब डॉलर की इस परियोजना के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। चीन सरकार की तरफ से बताया गया है कि इस कार्यक्रम में निर्माण कार्य के लिए गठित विशेष सलाहकार समिति के सदस्यों के अलावा स्थानीय नागरिकों ने भी हिस्सा लिया है। भारत ने अभी तक इस परियोजना की शुरूआत पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन पूर्व में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ताओं ने और स्वंय विदेश मंत्री ने संसद को ब्रह्मपुत्र नदी के स्त्रोत स्थल के पास विशालकाय बिजली परियोजना के लिए बांध निर्माण कार्य पर अपनी चिंताएं प्रकट की हैं।



## संपादक की कलम से

# छवि के मलाल

कांगड़ा बस स्टैंड के अंधेरे कोने में छुपे सांप को एक लडक ी की हिम्मत ने पकड़वा दिया, वरना यह डंक पूरे समाज के लिए काफी है। प्रश्न कानून व्यवस्था से जुड़ा है, लेकिन बस स्टैंड प्रबंधन की लचर व्यवस्था को भी कठघरे में लाकर खड़ा किया है। आश्चर्य यह कि छेड़छाड़ की घटना के वक्त न तो पुलिस सुरक्षा के नंबर चले और न ही बस स्टैंड के कान खड़े हुए। बहरहाल, यह लडक ी का साहस और समाज के साक्ष्यों का कमाल है कि बस स्टैंड में घूम रहे लफंगे को पकड़ लिया गया। इससे पहले पालमपुर बस स्टैंड में एक मनचले युवक ने दराट से सरेआम एक छात्रा पर हमला किया था। कहने को हिमाचल पर्यटकों को आदर सहित बुला रहा है, लेकिन रात के समय यात्रा करने के लिए अगर ऐसी चेतावनी है, तो फिर प्रदेश की छवि का क्या होगा। प्रदेश की छवि के कई मलाल अब होने लगे हैं। मसलन बीबीएन में बनी दवाइयों की विश्वसनीयता घायल होने लगी है। नकली दवाइयों के कई अंधेरे अगर दवाई उत्पादन के उजालों को प्रभावित करेंगे, तो कौन हमारी क्षमता को परवान चढ़ाएगा। दरअसल हिमाचल नई संभावनाओं की प्रगति में अपने आचरण व चरित्र से बेकाबू होने लगा है। संपर्कों की सीढि ?ों और सफलता के रास्तों पर, हमने अपनी व्यवस्था को दागदार बना लिया है। कायदे–कानूनों की धज्जियां उड़ाने के साक्ष्य अब हमें पकड़ रहे हैं। शहरीकरण और व्यपारीकरण की दौड़ में या तो अतिक्रमणकारी पैदा हो रहे या पूरे सरकारी तंत्र के बीच मिलीभगत का आलम यह है कि वन भूमि पर अवैध कब्जे या सेब के पौधे निकल आते हैं। एक तंत्र नशे में डूब कर इतना प्रभावी हो गया है कि पुलिस की जेब से भी चिट्टा निकल आता है। पुलिस को अपने ही विभाग के कई कर्मचारियों की नशे की गुल्लक तोडी पड़ती है। नशे से अर्जित संपत्ति का आलम यह है कि 1214 अवैध संपत्तियां चिन्हित, जबकि 36.95 करोड़ की जब्त हो चुकी हैं। इसी तरह रेत–बजरी से लदे वाहन, खड्डों और नदियों की तहों से निकलते सामान का अनुमान लगाएं, तो एक अलग हिमाचल दिखाई देगा, जो सिर्फ पैसा कमाना जानता है। कमाई के बीच कसाईगिरी ने धीरे–धीरे हिमाचल की परिभाषा, अभिलाषा और मूल्यों के प्रति संवेदना बदल दी है। इसी बीच एक और घातक सबूत धर्मशाला की पहाडि ?ों में स्थित बनगोटू में मिला, जहां अवैध ढंग से की गई पैराग्लाइडिंग ने गुजरात के युवा की जान ले ली। धर्मशाला के नरवाना और इंद्रूनाग पैराग्लाइडिंग साइट्स के साथ बनगोटू को भी विकसित करने का आशापत्र तैयार किया गया है, लेकिन अभी अनुमति नहीं दी गई। बावजूद इसके गाहे–बगाहे यहां से पैराग्लाइडिंग करवा करके कमाई का घातक रोमांच चल रहा था। हम साहसिक खेलों की पांत में अगर खड़ा होना चाहते हैं, तो सुरक्षा व निरीक्षण के इंतजाम भी तो पुख्ता होने चाहिएं, वरना एक दिन हमारी छवि पर यह अंकित हो जाएगा कि यह राज्य राम भरोसे ही चल रहा है। अंतत: मसला तरक्की और चौकसी का है। चाहे बीबीएन में औद्योगिक माहौल का हो या पर्यटन उद्योग के फैलते उद्देश्यों के बीच अमन चैन का है, चौकसी की जरूरत को समझना होगा। कभी हिमाचल नौ से पांच या सुबह से शाम तक चलता था, अब चौबीस घंटे प्रदेश चल रहा है, तो इसी हिसाब से आंख और कान खुलने चाहिएं। अगर रात्रि ग्यारह बजे हिमाचल की एक बेटी को कांगड़ा के बस स्टैंड पर मदद चाहिए थी, तो पुलिस तक यह चीख तुरंत क्यों नहीं पहुंची। शहरों एवं पर्यटक स्थलों पर पुलिस पैट्रोलिंग के अलावा हर हाई–वे पर पुलिस के सख्त पहरे को चौबीस घंटे चलना होगा।



ललित शर्मा
संपादक

# पंच परिवर्तन से बदल जाएगा समाज का चेहरा-मोहरा

किसी भी राष्ट्र और लोकतंत्र की सफलता उसके नागरिकों की सहभागिता और कर्तव्यबोध से ही सार्थक होती है। एक जीवंत लोकतंत्र की गारंटी उसकी नागरिक चेतना ही है। कानूनों की अधिकता और उसे न मानने का मानस दोनों साथ-साथ चलते हैं। इतिहास के चक्र में किसी सांस्कृतिक संगठन के सौ साल की यात्रा साधारण नहीं होती। यह यात्रा बीज से बिरवा और अंततः उसके वटवृक्ष में बदल जाने जैसी है। ऐसे में उस संगठन के भविष्य की यात्रा पर विमर्श होना बहुत स्वाभाविक है। स्वतंत्रता के अमृतकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संकल्प भविष्य के भारत की रचना में सहयोगी बन सकते हैं। अपने शताब्दी वर्ष में संघ ने पंच परिवर्तन का संकल्प लिया है। यह पंच परिवर्तन क्या है? इससे क्या होने वाला है? इसे भी जानना जरूरी है। संघ की मान्यता है कि व्यवस्था परिवर्तन का लक्ष्य तभी पूरा होगा, जब भारत की व्यवस्थाएं स्व पर आधारित हों। स्व आधारित तंत्र बनाना साधारण नहीं है। महात्मा गांधी से लेकर देश के तमाम विचारक और राजनेता स्व की बात करते रहे,किंतु व्यवस्था ने उनके विचारों को अप्रासंगिक बना दिया। समाज परिर्वतन के बिना व्यवस्था परिर्वतन संभव नहीं, इसे भी सब मानते हैं। वैचारिक संभ्रम इसका बहुत बड़ा कारण है। हम आत्मविस्मृति के शिकार और आत्मदैन्य से घिरे हुए समाज हैं। गुलामी के लंबे कालखंड ने इस दैन्य को बहुत गहरा कर दिया है। इससे हम अपना मार्ग भटक गए। स्वामी विवेकानंद, महर्षि अरविंद, स्वामी दयानंद सरस्वती, लोकमान्य तिलक, महात्मा गांधी, बाबा साहब आंबेडकर हमें वह रास्ता बताते हैं जिनपर चलकर हम अपनी कुरीतियों से मुक्त एक सक्षम, आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी समाज बन सकते थे। किंतु अंग्रेजों के बाद सत्ता में आए नायकों ने सारा कुछ बिसरा दिया। उस आरंभिक समय में भी दीनदयाल उपाध्याय और डा. राममनोहर लोहिया जैसे नायक भारत की आत्मा में झांकने का प्रयास करते रहे किंतु सत्ता की राजनीति को वे विचार अनुकुल नहीं थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष में पंच परिवतन का जो संकल्प लिया है,वह भारत की चिति और उसकी स्मृति को जागृत करने का काम करेगा। राष्ट्रीय चेतना का स्तर बढ़ाने के लिए 1.नागरिक कर्तव्य, 2. स्वदेशी, 3. पर्यावरण संरक्षण, 4.समरसता, 5.कुटुंब प्रबोधन जैसे पांच संकल्प ही पंच परिवर्तन के सूत्र हैं। इन विषयों में भारत की आत्मा को झकझोरकर जगाने और नया भारत बनाने का संकल्प झलकता है। किसी भी राष्ट्र और लोकतंत्र की सफलता उसके नागरिकों की सहभागिता और कर्तव्यबोध से ही सार्थक होती है। एक जीवंत लोकतंत्र की गारंटी उसकी नागरिक चेतना ही है। कानूनों की अधिकता और उसे न मानने का मानस दोनों साथ-साथ चलते हैं। अपनी माटी के प्रति प्रेम, उत्कट राष्ट्रभक्ति ही सफल राष्ट्र का आधार है। जापान जैसे देशों का उदाहरण देते समय हमें देखना होगा कि क्या हमारी राष्ट्रीय चेतना और संवेदना वही है जो एक जापानी में है। आखिर क्या कारण है कि अपनी महान परंपराओं, ज्ञान परंपरा के बाद भी हम एक लापरवाह और कुछ मामलों में अराजक समाज में बदलते जा हैं। कानूनों को तोड़ना यहां फैशन है। यहां तक की हम सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने और सड़कों पर रेड लाइट का उल्लंधन करने से भी बाज नहीं आते। ये बहुत छोटी बातें लगती हैं, किंतु हैं बहुत बड़ी। चुनावों में शत प्रतिशत मताधिकार तो दूर का सपना है। बहुत शिक्षित शहरों में वोटिंग 50 प्रतिशत से आगे नहीं बढ़ पाती। ये सूचनाएं बताती हैं कि हमें अभी जागरूक नागरिक या सजग भारतीय होना शेष है। कानूनों का पालन, कर का समय पर भुगतान, सामाजिक और सामुदायिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रीय संपत्ति की सुरक्षा जरूरी है। एक शानदार समाज की पहचान है कि वह अपने परिवेश को न सिर्फ स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास करता है बल्कि अपने प्रयासों से अन्यों को भी प्रेरित करता है। देखा जाता है कि हममें अधिकार बोध बहुत है किंतु कर्तव्यबोध कई बार कम होता है। जबकि संविधान हमें मौलिक अधिकारों के साथ कर्तव्यों की भी सीख देता है। हमारे धार्मिक ग्रंथ हमें नागरिकता और सामाजिक आचरण का पाठ पढ़ाते हैं। सवाल यह है कि हम उन्हें अपने जीवन में कितना उतार पाते हैं। पंचपरिवर्तन का दूसरा सूत्र है स्वदेशी। स्वदेशी सिर्फ आत्मनिर्भरता का मामला नहीं है यह राष्ट्रीय स्वाभिमान का भी विषय है। अपनी जमीन पर खड़े रहकर विकास की यात्रा ही स्वदेशी का मूलमंत्र है। विनोबा जी कहते थे- स्वदेशी का अर्थ है आत्मनिर्भरता और अहिंसा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसे सादगी से भी जोड़ता है। जिसके मायने हैं मितव्ययिता से जियो, कंजूसी से नहीं। स्वदेशी का सोच बहुत व्यापक है। परिवारों में भाषा, वेशभूषा, भवन, भ्रमण, भजन और भोजन ये छः चीजें हमारी ही होनी चाहिए। हम विदेशी भाषा, बोलें, दुनिया के साथ संवाद करें। किंतु अपने परिवारों अपनी मातृभाषा का उपयोग करें। विदेशी वस्त्रों से परहेज नहीं किंतु पारिवारिक मंगल आयोजनों और उत्सवों में अपनी वेशभूषा धारण करें। स्वभूषा, उपासना पद्धति, भोजन हमारा होना चाहिए। इसी तरह हम पूरी दुनिया घूमकर आएं किंतु भारत के तपोस्थलों, तीर्थस्थलों, वीरभूमियों तक भी हमारा प्रवास हो। हमारे परिजन जानें की राणा प्रताप कौन हैं और चित्तौड़गढ़ कहां है। शिवाजी कौन थे और रायगढ़ कैसा है। जालियांवालाबाग कहां है। इसी तरह हमारे घर भारतीयता का प्रतिनिधित्व करते हुए दिखने चाहिए। वहां एक भारतीय परिवार रहता है ,यह प्रकट होना चाहिए। महापुरूषों की तस्वीरें। अपनी भाषा में नाम पट्ट और स्वागतम्‌जैसे उच्चार लिखे हों। परिवारों में हमारी संस्कृति की छाप साफ दिखनी चाहिए। तुलसी का पौधा और पूजाघर के साथ, किताबों का एक कोना भी हो जिसमें हमारे धार्मिक ग्रंथ गीता, रामायण, महाभारत आदि अवश्य हों। उनका समय-समय पर पाठ भी परिवार के साथ हो। हमारी जीवनशैली आधुनिक हो किंतु पश्चिमी शैली का अंधानुकरण न हो। परिवार में काम करने वाले सेवकों के प्रति सम्मान की दृष्टि भी जरूरी है। ऐसे अनेक विषय हैं जिन पर विचार होना चाहिए। प्रकृति के साथ संवाद और सहजीवन भारत का मूल विचार है। अपनी नदियों, पहाड़ों और पेड़-पौधों में ईश्वर का वास देखने की हमारी संस्कृति और परंपरा रही है। प्रकृति के बिना मानव जीवन की कल्पना असंभव है। प्रदूषण आज बहुत बड़ी चिंता बन गया है। कुछ भी स्वच्छ नहीं रहा। हवा भी जहरीली है।



## सामाजिक समरसता से बनेगी सुंदर दुनिया

सामाजिक समरसता के बिना कोई भी राष्ट्र अग्रणी नहीं बन सकता। गुरु घासीदास कहते हैं– मनखे–मनखे एक हैं। किंतु जातिवाद ने इस भेद को गहरा किया है। तमाम प्रयासों के बाद भी आज भी हम इस रोग से मुक्त नहीं हो सके हैं। भेदभाव ने हमारे समाज को विभाजित कर रखा है, जिसके चलते दुनिया में हमारी छवि ऐसी बनाई जाती है कि हम अपने ही लोगों से मानवीय व्यवहार नहीं करते हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहते थे– अस्पृश्यता ईश्वर और मानवता के प्रति अपराध है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक रहे पू. बालासाहब देवरस ने इस संकट को रेखांकित करते हुए बसंत व्याख्यानमाला में कहा था कि– अगर छूआछूत गलत नहीं है दुनिया में कुछ भी गलत नहीं है, इसे मूल से नष्ट कर देना चाहिए। ऐसे में हमें यह समझना होगा कि जो कुछ भी सैकड़ों सालों से परंपरा के नाम पर चल रहा है वह हमारा धर्म नहीं है। इतिहास में हुए इन पृष्ठों का कोई भी सभ्य समाज समर्थन नहीं कर सकता। जबकि हमारे धर्म ग्रंथ और शास्त्र इससे अलग हैं। हमारे ऋषि और ग्रंथों के रचयिता सभी वर्गों से हैं। भगवान बाल्मीकि और वेद व्यास इसी परंपरा से आते हैं। यानि यह भेद शास्त्र आधारित नहीं है। यह विकृति है। इससे मुक्ति जरूरी है।हमें इसके सचेतन प्रयास करते हुए अपने आचरण, व्यवहार और वाणी से समरसता का अग्रदूत बनना होगा। सभी समाजों और वर्गों से संवाद और सहकार बनाकर हम एक आदर्श समाज की रचना में सहयोगी हो सकते हैं। इससे समाज का सशक्तिकरण भी होगा। समानता का व्यवहार, वाणी संयम, परस्पर सहयोग, संवेदनशीलता से हम दूरियों को घटा सकते हैं और भ्रम के जाले साफ कर सकते हैं। साथ ही अपने गांव, नगर के मंदिर, जलश्रोत, श्मशान सबके लिए समान रूप से खुल होने ही चाहिए। इसमें कोई भी भेद नहीं होना चाहिए।

# किचन में रखे मसाले खराब हो गए या नहीं, इन संकेतों से पहचानें

जब भी मसालों को खाने में शामिल किया जाता है तो उसका स्वाद आप अपने टेस्ट बड पर महसूस करती हैं। लेकिन खाने में मसाले डालने के बाद भी वह स्वाद ही महसूस नहीं हो रहा, तो यह एक संकेत है कि मसाले अब अपना असर नहीं दिखा रहे।

खाने का असली स्वाद उसके मसालों में छिपा होता है। यही हमारे खाने की जान होते हैं। अगर खाने में मसाले थोड़े भी कम या ज्यादा हो जाएं तो इससे खाने का पूरा स्वाद ही बिगड़ जाता है। लेकिन क्या हो अगर यही मसाले बासी हो जाएं। जी हां, अगर मसाले बहुत पुराने या बासी हो जाते हैं तो इससे स्वाद पर काफी गहरा असर पड़ता है। बहुत से लोग यह मानते हैं कि सूखे मसाले सालों-साल तक खराब नहीं होते, जबकि वास्तव में एक वक्त के बाद यह भी फ्रेश नहीं रह पाते हैं और उनकी खुशबू से लेकर रंगत व स्वाद काफी हद तक बदल जाता है। हवा के संपर्क में आने से उनका रंग, खुशबू व स्वाद धीरे-धीरे ये सब गायब होने लगता है। फिर चाहे जितना मर्जी डाल लो, खाने में वो स्वाद ही नहीं आ पाता। इसलिए जरूरी है कि समय-समय पर अपने मसालों की जाँच करते रहो। वरना न सिर्फ.स्वाद का मजा कम हो जाएगा, बल्कि सेहत पर भी असर पड़ सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप अपने पुराने मसालों को किस तरह चेक कर सकती हैं-



**खुशबू ना आना:** हर मसाले की अपनी एक महक होती है और आप जब भी डिब्बा खोलती होंगी तो उस महक को जरूर महसूस करती होंगी। लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है तो इसका मतलब है कि कुछ ना कुछ गड़बड़ है। अगर हल्दी या गरम मसाला नाक के पास ले जाने पर भी कोई महक नहीं आ रही, तो समझो अब इसका जादू खत्म हो चुका है।

**स्वाद ना आना:** जब भी मसालों को खाने में शामिल किया जाता है तो उसका स्वाद आप अपने टेस्ट बड पर महसूस करती हैं। लेकिन खाने में मसाले डालने के बाद भी वह स्वाद ही महसूस नहीं हो रहा, तो यह एक संकेत है कि मसाले अब अपना असर नहीं दिखा रहे। ऐसे में आप कितनी भी मात्रा में मसाले डालती हैं, लेकिन फिर भी आपको वह स्वाद नहीं मिल पाता है, जिसकी आपने उम्मीद की थी।

**रंग उड़ जाना:** मसालों का रंग धीरे-धीरे उड़ जाना भी इस बात की पहचान होती है कि अब मसाले पुराने हो गए है और आपको इसका इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। ताजा मिर्च पाउडर लाल चमकदार होता है, हल्दी पीले में दमकती है। अगर इनका रंग फीका पड़ने लगा है या भूरा-सा लग रहा है, तो इन्हें अपनी किचन से बाहर कर देने में ही समझदारी है।

## उदय किशोर साह



### लौटा दो मेरा बचपन

कविता

उमर गुजर गई आज उम्र है पचपन
परेशानी से घिर गया मेरा ये जीवन
बैचेनी से गुजर रहा है ये। तन बदन
लौटा दे मुझको कोई मेरा वो बचपन

जब से बँधा है गृस्थी का ये बंधन
नित्य जिन्दगी से हो जाती है अनबन
कितना सुकून से बीता था लड़कपन
लौटा दे मुझको कोई मेरा वो बचपन

रोटी की जुगाड़ का ये है ठगबंधन
सूरज की तपिश झुलसाता है मन
काश ! स्वतंत्र होता जैसे ये पवन
लौटा दे मुझको कोई मेरा वो बचपन

जिम्मेदारी की बज रही घंटी क्षण क्षण
ऊब सा गया है ये खुशियों का मधुबन
जवाबदेही से भरा है ये मेरा कण कण
लोटा दे मुझको कोई मेरा वो। बचपन

सुकुन ना देता है तेरी खनकता ये कंगन
बेसुरा सा लगता है तेरी पायल की रुनझुन
काश ! ना आता ये उम्र का पड़ाव पचपन
लौटा दे मुझको कोई मेरा वो बचपन

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# उत्तराखंड पंच केदार की तर्ज पर ही हैदराबाद में दक्षिणेश्वर केदारनाथ का भव्य मन्दिर बनाने का संकल्प लिए है: राजश्री जयपाल नयाल सनातनी

पिछले 25 सालों से सनातन धर्म के मूल बिंदुओं पर चलकर गौरक्षा के क्षेत्र में कार्य करते हुए स्वामी करपात्री जी महाराज के अनुयाई, वर्तमान में हैदराबाद के गौ सांसद ( ज्योतिष पीठ के शंकरचार्य स्वामी अभिमुकेश्वरानंद सरस्वती के आदेश पर ) काशी सुमेरु पीठ शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती जी के दक्षिण भारत सचिव की सेवा दे रहे और सर्वदलीय गौरक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष की सेवा दे रहे राजर्षी जयपाल नयाल सनातनी ( रामराज्य वादी चिंतक-विचारक ) वर्तमान में हैदराबाद में पंच केदारनाथ मंदिर बनवा रहे है । आपने अब तक 40 से अधिक कथाओं का आयोजन किया है और काशी से काठमांडू गाय के प्रचार हेतु बाइक रैली निकाली है । कई बार गौ वंश के प्रचार हेतु गौ मैराथन दौड़ो का आयोजन किया है । अनेक सामूहिक गौ भजन संध्याओं का आयोजन आप करते रहते है । गाय के अलावा आप बैलों को बचाने के लिए सेल्फी विद नंदी के अनेक कंसेप्ट करते रहते है ।

मूल उत्तराखंड का शरीर होने के नाते भगवान केदारनाथ के आप जन्मजात दास अपने को मानते है इसी कारण ईश्वर की कृपा हुई कुछ उत्तराखंड में जमीन जायदाद थी उसे बेच कर हैदराबाद में श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ नाम से दिव्य और भव्य मंदिर बनाने का संकल्प लिए है । श्री नयाल सनातनी का कहना है उत्तराखंड के केदार नाथ में पंच केदार है जिनमें केदारनाथ, तुंगनाथ, रुद्रनाथ, मध्यमहेश्वर और कल्पेश्वर।

पंच केदार मंदिरों के नाम इस प्रकार हैं:

केदारनाथः
यहां भगवान शिव की पूजा कूबड़ के रूप में की जाती है।

तुंगनाथः
यहां भगवान शिव की पूजा भुजाओं के रूप में की जाती है।

रुद्रनाथः
यहां भगवान शिव की पूजा मुख के रूप में की जाती है।

मध्यमहेश्वरः
यहां भगवान शिव की पूजा नाभि के रूप में की जाती है।

कल्पेश्वरः
यहां भगवान शिव की पूजा बालों के रूप में की जाती है।

केदारनाथ के अलावा यहां बाकी के 4 केदार के दर्शन बहुत कम लोग कर पाते है क्योंकि ये बहुत दुर्गम स्थानों में है । हमारे परम केदारनाथ शिव के भक्त श्री नरेंद्र मोदी जी भी अभी तक इन पांचों केदारों के दर्शन नहीं कर पाए क्योंकि यहां पैदल रास्ता बहुत कठिन है हवाई जहाज आदि यहां जाना मुश्किल है ।



श्री नयाल सनातनी कहते है मेरे फौजी पिता जी परम शिव भक्त थे उन्होंने अनेक शिव मंदिरों का जीर्णोद्धार किया देवी माता के मंदिर बनवाए वे भी मेरी माता जी को लेकर श्री केदारनाथ की यात्रा में गए पर उनकी इच्छा थी कि वे पांचों केदारों का दर्शन करें पर उनकी इच्छा पूरी नहीं हो पाई । मुझे बड़ा गम था मै अपने माता पिता को पंच केदार दर्शन नहीं करा पाया । तब मैने संकल्प लिया अगर भोलेनाथ की कृपा हुई तो मैं पंच केदार मंदिर जरूर बनाऊंगा और भारत प्रत्येक सनातनी शिव भक्त के माता- पिता को दर्शन करारूंगा । और भोलेनाथ ने मेरी पुकार सुन ली इधर मेरे मित्रों ने जमीन दिखाई मेरे को पहली ही नजर में भा गई हमने भूमि पूजा पर काशी सुमेरु पीठ शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती जी और अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के पूज्य गुरुभाई कमल नयन दास जी के कर कमलों से भूमि पूजन किया । इस अवसर पर स्थानीय सांसद विधायक सभी ने सेवा दी ।

अब इस समय श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा सबसे पहले रुद्रनाथ शिव लिंग स्थापित कर पूरे सावन भर के लिए महा रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन रखा है जिसे काशी सातुवा बाबा आश्रम से दीक्षित पूज्य विनयानंद दुबे जी महाराज के आचार्यत्व में दिव्य अनुष्ठा हो रहा है ।

योजना अनुसार मंदिर अगले 3 से 4 साल में पूर्ण रूप से तैयार हो जाएगा । बाकी भोले नाथ की जैसी कृपा दृष्टि होगी ।

अनेकों जन्मों के पापों के क्षय होने और पुण्यों के उदय होने पर आज जो सौभाग्य मुझे मिल रहा है इसका ऋण में कब चुका पाऊंगा यह सोच सोच कर गदगद हो जाता हूँ। वही श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष महिपाल बिड़लान ने

राजर्षी जयपाल नयाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि सनातन धर्म में ऐसे हजारों योद्धा हुए है जो अपने धर्म के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर देते हैं नयाल सनातनी भी ऐसे ही योद्धा हैं।

श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट के चेयरमैन नयाल जी ने मंदिर के निर्माण का कार्य तेजी से आरम्भ किया है। और जल्दी ही एक भव्य मन्दिर सभी सनातनी हिन्दुओं को समर्पित होगा। साथ ही राजश्री जयपाल नयाल सनातनी श्री कृष्ण जन्मभूमि आंदोलन में भी अपना सहयोग देंगे।

# सपा की पीडीए पंचायत, बीजेपी सरकार में छात्र परेशान, महिलाओं को नहीं मिल रहा सम्मान, विनीत कुशवाहा

**वेलकम इंडिया**




**कांधला। मोहसीन रहमानी।** विकासखंड क्षेत्र के गांव गंगेरू में समाजवादी पार्टी ने पीडीए ग्राम पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया, समाजवादी पार्टी के नेताओं ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। कार्यक्रम में पिछड़ा दलित एवं अल्पसंख्यक के समाज को जागरूक किया गया इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे। क्षेत्र के गांव गंगेरू में पीडीए की ग्राम पंचायत कार्यक्रम में समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनित कुशवाहा ने पंचायत में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब से प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है तभी से छात्र परेशान है। छात्रों को डिग्री तो मिल रही है, लेकिन नौकरी नहीं मिल रही है। सरकार के द्वारा लगातार सरकारी विद्यालय बंद किया जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी एक और शिक्षा को बढ़ावा देने की बात करती है जबकि दूसरी ओर विद्यालय को बंद किया जा रहा है। पूर्व ब्लाक प्रमुख शेर सिंह राणा ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि देश प्रदेश में दलित और पिछड़े वर्ग का बुरा हाल है। प्रदेश में जगह-जगह दलितों और पिछड़ों को शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में महिलाओं को सम्मान नहीं बल्कि अपमान मिल रहा है। गंदी मानसिकता के लोग महिला सांसद पर टिप्पणी कर अपमानित करने का कार्य कर रहे हैं। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने पंचायत में मौजूद समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि किसी भी पार्टी के बहकावे महीने आए और 2027 में प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने में सहयोग करें। इस मौके पर सोनू अंसारी, अश्वनी गुर्जर, चौधरी कलीम हसन, इमरान राणा, आदिल, राजपाल, अरविंद गिरी, सहित दर्जनों समाजवादी पार्टी के नेता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# थाना कोतवाली एक अदद नाजायज चाकू व चोरी की मोटर साईकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** थाना कोतवाली, रामपुर पुलिस द्वारा गस्त चैंकिग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मोहम्मद शारिक पुत्र नासिर निवासी मौ0 बारादरी महमूद खाँ थाना कोतवाली जनपद रामपुर को माला रोड पर मेट्रो हास्पिटल के पीछे से एक अदद नाजायज चाकू व चोरी की मोटर साईकिल होण्डा साईन के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद मो0सा0 के नंबर को ई-चालान एप में डालकर देखा तो नम्बर प्लेट पर मौजूद नम्बर की आरसी राकेश के नाम अंकित है, जिसका चैसिस नं 0-टइछलअ11अएए9ऊ33, मो0सा0 एचएफ डीलैक्स प्रर्दशित हुई जबकि बरामद हुई मो0सा0 होण्डा साईन सीबी 125एसपी है जिसका चेसिस नं0 टए4खउ731खॠळ014 है। बरामद मो0सा0 की नम्बर प्लेट पर अंकित नम्बर एवं चैसिस नं0 के आधार पर आरसी से मेल नही खा रहा है। जिसके बारे में पकडे गये व्यक्ति से पूछने पर उसने बताया कि उसने यह मो0सा0 02 दिन पूर्व मौ0 गूजरटोला जुमेरात के बाजार से चोरी की थी। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली पर मु0अ0स0-108/25 धारा-317(5),317(4),318(4) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

# डीएम ने सिद्ध पीठ महादेव सबली मंदिर का निरीक्षण कर संबंधित को दिए दिशा निर्देश



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

हापुड़/जिलाधिकारी अभिषेक पांडे के द्वारा जनपद में स्थित सभी जलाभिषेक शिवालयों का शिव भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ज्यादा लेने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अभिषेक पांडे व एडीएम संदीप कुमार व सी ओ सिटी जितेंद्र कुमार शर्मा के द्वारा सिद्ध पीठ महादेव सबली मंदिर का गहनता से निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान शिव कांवरिए भक्तों की सुरक्षा की दृष्टिगत सेवा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंदिर कमेटी के सदस्यों एवं ड्यूटी पर तैनात संबंधित अधिकारियों को दिए सख्त दिशा निर्देश।

# कावड़ियों के लिए हरित जीवन न्यास (एनजीओ) ने शुरू की निशुल्क मेडिकल सेवा सीटीआई मुकेश कैन

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**




(हापुड़) समाज सेवा की दिशा में एक और सराहनीय पहल करते हुए हरित जीवन न्यास (एनजीओ) उत्तर प्रदेश द्वारा श्रावण मास में कांवर यात्रियों के लिए निःशुल्क मेडिकल सेवा का आयोजन करते हुए दवाओं का वितरण किया गया। इस सेवा का उद्घाटन सदर विधायक विजयपाल सिंह आढ़ती द्वारा किया गया। यह सेवा विशेष रूप से कांवर यात्रा मार्ग पर कांवड़ियों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है, जिसमें दर्द निवारक दवाएं, डफर, पट्टियाँ, एंटीसेप्टिक और अन्य प्राथमिक चिकित्सा सामग्री हापुड़ मेरठ के बीच गंतव्य पर निःशुल्क प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर न्यास के अध्यक्ष वरुण अग्रवाल ने भावुक होकर कहा कि कांवर यात्रा मेरे लिए केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि भोलेनाथ के चरणों में समर्पण की यात्रा है।हर कांवरिया मेरे लिए एक चलता-फिरता शिव है और उनकी सेवा करना, स्वयं महादेव की सेवा करने जैसा है। हमारा प्रयास है कि स्वास्थ्य संबंधित समस्या किसी भी कांवड़िया की इस तपस्या को प्रभावित ना करे। न्यास के संस्थापक डॉ. मुकेश सैनी ने बताया कि यह सेवा शिवभक्तों के प्रति हमारी श्रद्धा और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है। न्यास आगे भी इस प्रकार की सेवा गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा। महासचिव मुकेश कैन सीटीआई ने बताया कि दवाओं की उचित व्यवस्था, डॉक्टर की उपस्थिति और सेवाभाव के साथ टीम कांवरियों की सेवा करना हमारे लिए बडे ही सौभाग्य की बात है हमारी संस्था आगे भी ऐसे ही कावड़ियों की सेवा में कार्यरत रहेगी। इस अवसर पर न्यास के सदस्य विपिन अग्रवाल, राहुल भारद्वाज तथा तन्वी अग्रवाल ने भी विशेष सहयोग प्रदान किया।

# हापुड़ पुलिस बदमाशों पर पड़ रही भारी चोरी के माल सहित शातिर किस्म के चोरों को किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

हापुड़/डीआईजी कला निधि नैथानी परिक्षेत्र मेरठ के आदेशानुपान में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर एसपी कुंवर ज्ञानेंद्र सिंह के पर्यवेक्षण में हापुड़ पुलिस बदमाशों पर लगातार कमर तोड़ कार्यवाही करने के साथ भारी पड़ रही है। इसी क्रम में पिलखुवा पुलिस ने चार शातिर किस्म चोरों को मय चोरी के सामान सहित गिरफ़्तार करने का दावा किया है। जिसमें गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से भारी मात्रा में चोरी किये गए मॉल की शत प्रतिशत मात्रा में बरामदगी की गई है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने अपने नाम सुमित पुत्र कन्हैया निवासी सोटावाली, साहिल पुत्र महबूब पटना मुरादपुर, वसीम पुत्र भूरे निवासी मौहल्ला समर गार्डन, मोईन पुत्र आस मोहम्मद पटना मुरादपुर थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़ बताएं है। गिरफ्तार अभियुक्तों को विरुद्ध विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए भेजा गया जेल।

# डिजिटल इंडिया में हापुड़ के चोर भी हुए हाइटैक, ड्रोन से रैकी कर चोरी की घटनाओं को बेखौफ दे रहे अंजाम

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**



(हापुड़) जनपद के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव अटूटा में देर रात्रि ड्रोन कैमरे द्वारा निगरानी करने का मामला सामने आया है। मीडिया द्वारा पुलिस से जानकारी करने पर भी कोई संतोषजनक जबाब नही मिल पाया की वह ड्रोन किसका था। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र के आसपास कई गांवों में लगातार संदिग्ध अवस्था में ड्रोन उडते देखे जा रहे हैं। उड़ते हुए कैमरो से की जा रही निगरानी ने ग्रामीणों की नींद उडा दी है। जब लोगों ने लगातार रात्रि के अंधेरे में उड़ते ड्रोन कैमरों को देखा तो ग्रामींण अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। इस तरह संदिग्ध अवस्था में ड्रोन कैमरो को उड़ता देख ग्रामीणों ने दहशतगर्दी के चलते गांव में पहरा देना शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली सहित सिभांवली, बाबूगढ़ तीनों थाना क्षेत्रों के गांव अक्खापुर, ढाना, हसूपुर, कई गांवों में पिछले तीन-चार दिनों से संदिग्ध अवस्था में उड़ रहे ड्रोन कैमरों को देखकर क्षेत्र में दहशत का माहौल है। क्योंकि बीते रात्रि ही सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव माधापुर में एक साथ कई घरों मे चोरी करने का मामला सामने आया है। लोगों का कहना है कि डिजिटल इंडिया के दौर में हाईटेक हुए बदमाशों ने ड्रोन कैमरे से निगरानी करने के बाद चार घरों को निशाना बनाया। जिसमें दो घरों से लाखों रुपए की ज्वेलरी सहित नगदी चोरी करने की घटना को बैखौफ अंजाम दिया है। प्रतिदिन बढ रही ऐसी घटनाओं को लेकर पुलिस सतर्क हो गई है पुलिस का कहना है इस तरह रात्रि में ड्रोन उड़ने की जानकारी हमें कई जगह से मिली है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है जल्द ही उचित कार्रवाई कर ऐसी घटनाओं का खुलासा किया जाएगा।

# मध्य गंगा नहर में महिला का तैरता हुआ शव मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कंप

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर** / सिंभावली क्षेत्र के अंतर्गत मध्य गंगा नहर में एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कंप शव मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर शिनाख्त का प्रयास किया शुरू।वही इस मामले को लेकर थाना प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि घटना गांव नयाबास के पास की है।जहाँ नहर में एक महिला का शव सड़ी गली अवस्था में नहर मे में तैरता हुआ मिला। प्रथम दृष्टया मृतका की उम्र करीब 35 वर्ष बताई जा रही है। लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार शव कई दिन पुराना होने के चलते पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।और आस-पास के थाना क्षेत्रों में महिला की गुमशुदगी की रिपोर्टों की भी तलाश की जा रही है। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर दहशत का माहौल है। वहीं पुलिस सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच कर रही है।

# सावन सोमवार और कामिका एकादशी एक ही दिन हैं: ज्योतिष कावेरी मुखर्जी





**वेलकम इंडिया**

प्रयागराज के रहने वाली ज्योतिष कावेरी मुखर्जी जी बताती हैं कि सावन मास का दूसरा सोमवार और कामिका एकादशी का व्रत 21 जुलाई को पड़ रहा है, जो धार्मिक दृष्टि से अत्यंत विशेष है. इस दिन भगवान शिव को समर्पित सोमवार के साथ-साथ भगवान विष्णु को प्रिय कामिका एकादशी का संयोग भी बन रहा है. इस दुर्लभ संयोग के साथ कई शुभ योग भी बन रहे हैं, जो इस दिन को और भी महत्वपूर्ण बनाते हैं. इस दिन व्रत रखकर विधि विधान के साथ भगवान शिव और भगवान विष्णु की पूजा करने से सुख-शांति, समृद्धि, यश, लाभ की प्राप्ति होगी और सभी इच्छाएं पूरी होंगी।

# विद्युत विभाग की लापरवाही क्षेत्र के लोगों में बना रोष

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के शिवाला मार्ग पर गत बीस दिनों से विद्युत पोल क्षतिग्रस्त अवस्था में सड़क पर लटका हुआ है और तार भी सड़क पर पड़े हुए हैं। जो कि हादसों को दावत दे रहे हैं विद्युत विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है स्थानीय लोगों में विद्युत विभाग के प्रति रोष बना हुआ है। थाना क्षेत्र के शिवाला मार्ग पर विद्युत विभाग ने किसानों के नलकूपों पर कनेक्शन दे रखे हैं और विद्युत लाइन खींच रखी है जो कि किसानों के नलकूपों पर पहुंचती है लगभग 20 दिन पूर्व किसी अज्ञात वाहन ने विद्युत पोल में टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया था जिस कारण विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होकर रास्ते पर लटका हुआ है। और विद्युत लाइन टूटकर सड़क पर पड़ी हुई है।क्षतिग्रस्त विद्युत पोल व लाइन को लगभग 20 दिन बीत जाने के बाद भी विद्युत विभाग कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है। और किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है रविवार को यात्रियों को निकालने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। विद्युत विभाग की लापरवाही का कारनामा उजागर होने पर आसपास के लोगों में विद्युत विभाग के प्रति रोष बना हुआ है। जब इस बारे में विद्युत विभाग के जेई जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# हाईवे पर तेज रफ्तार का कहर, हादसे में आधा दर्जन घयल

**वेलकम इंडिया**





**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे पर अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसे के दौरान आधा-दर्जन महिला पुरुष एक मासूम गंभीर रूप से घायल हो गए। 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रविवार की सवेरे मुजफ्फरनगर जनपद के तितावी थाना क्षेत्र के गांव सल्हा खेड़ी निवासी बिट्टू अपनी पत्नी मीनू और दो वर्ष के पुत्र विराज के साथ स्कूटी पर सवार होकर दिल्ली से शादी समारोह मैं शामिल होने के बाद अपने गांव जा रहा था। स्कूटी सवार जैसे ही थाना क्षेत्र के किवाना मोड पर पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे भौरा खुर्द निवासी अक्षय पुत्र महेंद्र की बाइक के साथ आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। दोनों वाहनों की टक्कर में बाइक सवार और स्कूटी सवार घायल हो गए घायलों की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने उपचार के लिए नगर के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। दुसरी और हरियाणा के जिला सोनीपत के गांव असामाबाद निवासी अमन पुत्र अरविंद और विपिन पुत्र बिगन बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से शामली की ओर जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार एलम बाईपास मार्ग पर पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया। बाइक सवार दोनों घायल हो गए 108 एंबुलेंस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

अलग-अलग स्थानों पर घायल हुए सभी पीड़ितों को प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में सभी घायलों का उपचार जारी है।

# निःस्वार्थ सेवा संस्थान के रामायण ज्ञान महायुद्ध में 20 विद्यालयों के लगभग 400 छात्रों ने किया प्रति भाग, संस्था ने प्रथम को 11 हजार, द्वितीय को 5,100 और तृतीय को 2,100 का दिया चैक

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** निःस्वार्थ सेवा संस्थान द्वारा आयोजित ₹रामायण ज्ञान क्विज प्रतियोगिता सीजन 2₹ का भव्य आयोजन बीएलएस इंटरनेशनल स्कूल में अत्यंत उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में हाथरस एवं आसपास के क्षेत्रों के 20 विद्यालयों के लगभग 400 छात्रों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं श्रीराम के उद्घोष के साथ हुई। क्विज के लिए चयनित 10 टीमों के बीच ज्ञान और विश्वास का रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। प्रतियोगिता के प्रश्न रामायण के विविध प्रसंगों, चरित्रों, और शिक्षाओं पर आधारित थे, जो छात्रों में धार्मिक व सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने के उद्देश्य से तैयार किए गए थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रचारक जय किशोर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनील अग्रवाल हुंडी वाले, लोकेश सिंघल, शुभम मित्तल रहे।

**यह रहे विजेता :** प्रथम स्थान पाने वाले बागला इंटर कॉलेज के शबरी रुद्रांश वर्मा तथा सरस्वती इंटर कॉलेज के मोहित यादव को 11 हजार का पुरुस्कार किया। द्वितीय स्थान में संत फ्रांसिस इंटर कॉलेज के छात्र हनुमान देव सिसोदिया एवं कार्तिक मित्तल 5,100 रुपए से पुरुस्कार किया। तृतीय स्थान पाने वाले संत फ्रांसिस इंटर कॉलेज के छात्र जामवंत प्रद्युम्न कृष्ण एवं बीएलएस इंटरनेशनल के ऋत्विका भट्ट को 2,100 रुपए से पुरुस्कार किया और साथ ही विजेता टीमों को ट्रॉफी, प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सचिव नीरज गोयल, कोषाध्यक्ष-मीडिया प्रभारी सीए प्रतीक अग्रवाल, प्रवक्ता हिमांशु गौड़, कॉर्डिनेटर चंद्र प्रकाश अग्रवाल, सोशल मीडिया प्रभारी सारांश टालीवाल, सह सचिव तरूण राघव, सह सचिव निश्कर्ष गर्ग, लोकेश सिंघल, ध्रुव कोठीवाल, डॉ रंगेश शर्मा, सतेंद्र मोहन, स्वदेश वार्ष्णेय, अवधेश कुमार बंटी, दीपांशु वार्ष्णेय, मयंक ठाकुर, विशाल सोनी, सुलभ गर्ग, सौरभ शर्मा, यश वार्ष्णेय, संदीप गोयल, सुनील कुमार, आशीष अग्रवाल, अतीश अग्रवाल, एवं बीएलएस इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल विद्या प्रतीक बरतकके, शशि शर्मा एवं अन्य उपस्थित रहे।

# योगेन्द्र राणा के सांसद इकरा हसन पर की अभद्र टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदाः सैय्यद मो.असलम



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** मजदूर बेरोजगार एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैय्यद मो.असलम के आदेश पर ग्राम गंगेरू में एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें कुछ साथियों को संगठन की जिम्मेदारी दी गई और करनी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेन्द्र राणा के द्वारा कैराना सांसद इकरा हसन के बारे में अभद्र टिप्पणी की गई है जो कतई भी बर्दाशत नहीं की जाएगी एक संगठन के जिम्मेदार पद पर होने के बावजूद इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करना देशहित में नहीं है सैय्यद मो.असलम ने इसकी कड़े शब्दों में निंदा की गई है व केंद्र सरकार और राज्य सरकार से अपील करते हैं कि वो इस पर संज्ञान ले और देश विरोधी भाषा का इस्तेमाल करने वाले योगेन्द्र राणा पर कड़ी कार्यवाही की जाए और इस तरह की सजा दी जाए ताकि कोई भी व्यक्ति इस तरह की हरकत करने की कोशिश ना कर सके सैय्यद मो.असलम ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार इसको संज्ञान में लेकर कार्यवाही करने का काम करेंगे।

# देहात पुलिस की बड़ी कार्रवाई झगड़ा करने वाले आठ अभियुक्त गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

हापुड़ थाना देहात थानाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता की बड़ी कार्रवाई झगड़ा करने वाले फरार चल रहे आधा दर्जन से ज्यादा यानी आठ अभियुक्त को टीम लगाकर किया गिरफ्तार। देहात पुलिस टीम का लगातार सराहनीय कार्य एक तरफ जहां भगवान शिव के भक्तों की सेवा में लगी है पुलिस तो वहीं दूसरी तरफ पशु चोरों के साथ मुठभेड़ व झगड़ा करने वाले लोगों पर भी पुलिस लगातार कार्रवाई हो रही है देहात पुलिस के लगातार हो रहे सराहनीय कार्यों से जनपद के उच्च अधिकारी भी खुश हुए।

# श्री रेवती मइया मेला में होंगे ऐतिहासिक कार्यक्रम तैयरियाँ पूर्ण, मेला निर्देशक डाँ विकास शर्मा ने दी जानकारी, 27 जुलाई को होगा शुभारंभ


**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** वृज प्रसिद्ध व ऐतिहासिक श्री रेवती मइया मेला महोत्सव का शुभारम्भ 27 जुलाई को होगा, जो 3 अगस्त तक चलेगा। मेला के सस्थापक अतुल ऑधीवाल एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष डिस्स्ट्रिक्ट बार एसोसियेशन ने बताया कि मेला निर्देशक डाँ विकास शर्मा फोकस अल्ट्रासाउण्ड के निर्देशन मे आयोजकों द्वारा जोर शोर से तैयारियों पूर्ण की जा चुकी है। श्री रेवती मइया मेला महोत्सव को लेकर एक रेस्टोरेन्ट मे डा० विकास शर्मा के निर्देशन में एवं ब्राह्मण महासभा के पूर्व अध्यक्ष मदन मोहन गौड एडवोकेट की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता आयोजित की गयी। हरियाली तीज दिनांक 27 जुलाई को मेला उद्घाटन एवं भक्ति संगीत सम्मेलन सांय 7 बजे संयोजक मन्जू शर्मा (बीएम जागरण पार्टी), दिनांक 28 जुलाई सॉय 7 बजे सॉस्कृतिक संध्या, संयोजक मनोज कुशवाहा एवं निर्देशक डा टीएन शर्मा ओमवती देवी इन्टर कालेज. 29 जुलाई नाग पंचमी महाभिषेक प्रातः 7 बजे, कवि सम्मेलन सॉय 7 वजे संयोजक संस्कार भारती, निर्देशक आशु कवि अनिल बौहरे, 30 जुलाई को सॉय 6 वजे नृत्य प्रतियोगिता संयोजक डा0 नीरज बार्ष्णेय, 31 जुलाई सॉय 7 वजे धर्म सम्मेलन, संयोजक ब्रहमा कुमारी भावना वहिन, 1 अगस्त सॉय 7 वजे श्री खाटू श्याम तथा संयोजक श्याम दहलवी 2 अगस्त रात्रि 8 वजे रसिया दंगल संयोजक मनोज विजेन्द्र शर्मा संचालक डौली पहलवान, 3 अगस्त सॉय 7 वजे भन्डारा वितरण एवं समापन समारोह। कार्यकमो में बाहरी कलाकारो के अलावा स्थानीय प्रतिभाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। मेला व्यवस्था ने सभी संयोजको के साथ मन्दिर सेवायत प्रमोद चतुवेर्दी ( पोई गुरू) एवं हेमन्त राहुल चतुवेर्दी, लाफ्टर शो के संयोजक विकास भारद्वाज दीपक बूटिया (प्रबन्धक राम दरबार), बॉकेविहारी अपना बाले, पूर्व सभासद अशोक शर्मा, अनिल कश्यप, राम गुप्ता प्रेस वाले, अशोक गुड वाले, मुकेश गुप्ता जेवरी वाले धीरज वार्ष्णेय एडवोकेट, कैलाशचन्द एडवोकेट, आशू, ऑधीवाल, सोनू पेण्ट वाले, कुनाल बार्ष्णेय गुड वाले, शम्भूनाथ पुरोहित, धन्नू अग्रवाल, मुकेश चन्द शर्मा टाइपिस्ट (ताऊ), गोपाल शर्मा एवं रेवती मज्या मेला समिति के सभी सदस्य लगे हुए है।

# कावड़ शिविर में सेवादार का मोबाईल फोन चोरी, थाने में दर्ज करायी शिकायत

**वेलकम इंडिया**



**बागपत।** जनपद बागपत में कावड़ मेला अपने शीर्ष पर है और कावड़ियों की सेवा में कावड़ शिविर के सेवादार लगातार सेवा कर रहे है। ऐसे में कुछ असामाजिक तत्व अपनी हरकतों से बाज नही आ रहे है। इसी प्रकार के असामाजिक लोगों ने दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर गुफा बाबा मंदिर बागपत के सामने लगे एक कावड़ शिविर से सेवादार देवांश पुत्र रोहताश कुमार निवासी नरेला स्वतन्त्र नगर दिल्ली का मोबाईल फोन चोरी कर लिया। देवांश ने बताया कि 18 जुलाई 2025 को शाम के समय जब वह मोबाईल को चार्जिंग पर लगाकर कावड़ियों की सेवा कर रहा था उस समय किसी असामाजिक व्यक्ति ने उसका मोबाईल फोन चुरा लिया। बताया कि उसका मोबाईल मोटरोला कम्पनी का था, जिसका आईएमइआई नम्बर 351635284795695 है। बताया कि मोबाईल में वीआई कम्पनी का सिम है और मोबाईल नम्बर 7292004629 है। देवांश ने बताया कि जब सभी जगह तलाश करने के बाद मोबाईल नही मिला तब उसने 18 जुलाई को थाना कोतवाली बागपत में मोबाईल चोरी की शिकायत दर्ज करायी।

## बीडीए का फर्जी नक्शा दिखाकर चार करोड़ की ठगी करने वाला फरार आरोपी 15 साल बाद गिरफ्तार

**बरेली।** बीडीए का फर्जी नक्शा दिखाकर लोगों को भूखंड दिलाने का झांसा देकर चार करोड़ से अधिक की ठगी करने वाला आरोपी खुर्रम गौटिया निवासी दिलीप कुमार को बरेली से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी द्वारा की गई ठगी की जांच आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन लखनऊ की टीम कर रही थी। वहां की टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी की गिरफ्तारी की और उसे लखनऊ ले गई। आपको बता दें कि दिलीप कुमार कृष्णा आवासीय समिति का संचालक था। उसने बीडीए का फर्जी नक्शा दिखाकर लोगों को भूखंड देने के नाम पर चार करोड़ से अधिक रकम की ठगी की थी। इसके बाद वह भूमिगत हो गया था। इस मामले में प्रेमनगर थाने में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे भी दर्ज हुए थे। वर्ष 2010 में शासन के आदेश पर इन मुकदमों की विवेचना आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन लखनऊ को ट्रांसफर कर दी गई थी।

# क्षेत्राधिकारी व समस्त थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्र मे कांवड यात्रियों से वार्ता कर सकुशल रवाना कराया

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा श्रावण मास-कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पैदल चेकिंग की गई। इस दौरान कांवड़ियों के आने-जाने वाले रास्तों पर ड्यूटी में लगे पुलिस बल को चेक करते हुए उन्हें सतर्कता के साथ ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया तथा ड्यूटी पर मौजूद पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया कि ड्यूटी में किसी तरह की लापरवाही न बरती जाये ताकि जनपद में कोई भी अप्रिय घटना न हो पाये। इसी क्रम में अधिकारीगणों द्वारा कांवड़ियों से संवाद कर उनका हाल चाल जाना एवं उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया, साथ ही कांवड मार्ग पर कांवड़ यात्रियों के ठहरने एवं सूक्ष्म जलपान, शौचालय आदि हेतु बनाये गये शिविरों का जायजा लिया गया। श्रावण मास के दौरान गंगा घाटों से कांवडियों के आवागमन के समुचित प्रबन्ध व मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने सम्बन्धी निर्देश दिये गये। कावंड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जनपद में कांवड यात्रा मार्ग पर भीड-भाड वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है, जिनकी समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा समय-समय पर चेकिंग कर आवश्यक दिशा निर्देशित किया जाता है। कांवड मार्गों पर लगे समस्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारीगणों द्वारा मार्ग से आने-जाने वाले कावड यात्रियों का उचित मार्गदर्शन करते हुए पुलिस पार्टी के साथ उनके गंतव्य को सकुशल रवाना/पास कराया जा रहा है।

# हरिद्वार से जल लेकर शिवभक्तों का आना हुआ शुरू



**वेलकम इंडिया**

**बुगरासी।** क्षेत्र में कावड़ियों का आगमन शुरू हो चुका है। शिव सेवा शिविर लगाने वाले आयोजनकताओं ने सेवा शिविर की पूर्ण तैयारी कर ली है रविवार शाम को

सेवा शिविर में एक अनोखी तस्वीरें देखने को मिली जहां पर आयोजनकताओं ने हरिद्वार से जल लेकर आए कांवरडियो पर फूल बरसा कर स्वागत किया। फूल बरसा होने से सभी शिव भक्त गदगद नजर आए। शिव भक्तों ने सभी आयोजककताओं की भूरी भूरी प्रशंसा की। कांवडिये मीडिया से रूबरू हुए तो मीडिया कर्मियों ने उनका हाल जाना उन्होंने बताया कि हरिद्वार से लेकर यहां तक पुलिस प्रशासन की तरफ से पूरे इंतजाम किए गए हैं और हमें जल लेकर आने में कोई भी कठिनाई नहीं हुई है हम राज्य सरकार का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने इतनी बेहतर सुविधा शिव भक्तों को दी। इस मौके पर आयोजन कर्ता मास्टर नीरज कुमार प्रधानाचार्य रेडियंस वैली पब्लिक स्कूल क्रियावली जितेंद्र कुमार धर्मेंद्र कुमार सागर कुमार शादी राम सतीश कुमार मांगेराम सिंह अमित कुमार सोनू सिंह व दर्जन ग्रामीण मौजूद रहे।

# दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष आधा दर्जन से अधिक घायल

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव आल्दी में बाइकों पर सवार होकर डाक कावड लेने जा रहे बाइक सवार युवक को पटाखे छोड़ने का विरोध करने पर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया खूनी संघर्ष ने हिंसक रूप ले लिया दोनों पक्षों में जमकर धारदार हथियार, लाठी डंडे चले जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर सभी घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों पक्षों ने अपना अपना-अपना डाक्टरी कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। रविवार को थाना क्षेत्र के गांव आल्दी निवासी शुभम पुत्र नरेश गांव के अपने साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर हरिद्वार से डाक कावड़ के मध्यम से गंगाजल लेने के लिए जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार युव पूर्व प्रधान सतीश चौहान के आवास के सामने पहुंचे तो सतीश के भाई संजय ने बाइक से साइलेंसर निकाल कर पटाखे छोड़ रहे बाइक सवार युवकों का विरोध कर दिया। आरोप है कि गुस्साए बाइक सवार ने अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर धारदार हथियार एवं लाठी डंडों से हमला कर दिया। दोनों पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। खूनी संघर्ष में पूर्व प्रधान पक्ष से आयुष पुत्र प्रमोद, प्रमोद पुत्र लकीराम, संजय पुत्र लकीराम, रितिक पुत्र तीर्थपाल, रवि पुत्र संजय, सचिन पुत्र सुभाष, एवं उषा पत्नी संजय घायल हो गई, दूसरे पक्ष से शुभम बिट्टू व मामचंद घायल हुए हैं। पूर्व प्रधान सतीश चौहान ने बताया कि आरोपियों ने उनके ऊपर धारदार हथियार व तमंचे से फायरिंग की है। खूनी संघर्ष की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर सभी घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में सभी घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध आरोप प्रति आरोप लगाकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दो पक्षों के बीच झगड़े की सूचना प्राप्त हुई है घायलों का मेडिकल करा दिया पुलिस जांच कर रही है, फायरिंग जैसी घटना गांव में नही हुई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# परम गौसेवी एवं सद्गृहस्थ संत थे ब्रह्मलीन भरत दास महाराज : देवदास महाराज बड़े सरकार

**(डॉ. गोपाल चतुवेर्दी)**



**मांट (मथुरा)।** यमुना पार स्थित देवरहा बाबा समाधि स्थल पर ब्रह्मलीन भरत दास महाराज का स्मृति महोत्सव ब्रह्मर्षि देवदास महाराज ₹बड़े सरकार₹ के पावन सानिध्य में अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। सर्वप्रथम ब्रह्मलीन भरत दास महाराज के चित्रपट का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पुष्पार्चन किया गया। साथ ही उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आयोजित संत-विद्वत सम्मेलन में देवरहा बाबा समाधि स्थल आश्रम के अध्यक्ष ब्रह्मर्षि देवदास महाराज बड़े सरकार ने कहा कि ब्रह्मलीन भरत दास महाराज परम् गौसेवी एवं सद्गृहस्थ संत थे। उन्होंने आजीवन पूर्णनिष्ठा के साथ गायों की सेवा की थी। श्रीमहन्त रामकेवल दास महाराज एवं श्रीमद्जगद्गुरु विष्णुस्वामी विजयराम देवाचार्य भैयाजी महाराज (बल्लभगढ़ वाले) ने कहा कि ब्रह्मलीन भरत दास महाराज ब्रह्मलीन देवरहा बाबा महाराज के परम्कृपापात्र शिष्य थे। वे आश्रम परिसर में स्थापित गौशाला में ही निवास करते थे। महंत शिवदत्त प्रपन्नाचार्य महाराज एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुवेर्दी ने कहा कि ब्रह्मलीन भरत दास महाराज मूलतः वाराणसी के निवासी थे। परन्तु उनके जीवन का अधिकांश समय मुंबई में व्यतीत हुआ। वे रेलवे के पूर्व उच्चाधिकारी रहे थे। सेवा निवृत्ति के बाद उन्होंने 40 से भी अधिक गौशालाओं की स्थापना की। ऐसे परम् गौ-भक्त सद्गृहस्थ संत को हम बारम्बार प्रणाम करते हैं। महोत्सव में श्रीमहन्त अभयप्रपन्न रामानुज दास महाराज, महंत प्रह्लाद दास महाराज, महन्त जगन्नाथ दास शास्त्री, महंत भागवताचार्य महाराज, महंत संतोष पुजारी, महन्त श्यामदास महाराज, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, राष्ट्रीय शीतल संघ के महंत रामदास महाराज, महाराजश्री के परम् कृपापात्र शिष्य नीरज शर्मा, रमेश यादव (दिल्ली), प्रदीप राणा, अमरजीत सिंह, उमेश चन्द, भरत हरवानी (मुम्बई), श्रीमती निशा डागुर आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। संचालन महंत शिवदत्त प्रपन्नाचार्य महाराज ने किया। महोत्सव के अंतर्गत महामंडलेश्वरों, श्रीमहंतों, महंतों और विद्वानों आदि का सम्मान किया गया। साथ ही संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा भी हुआ। जिसमें असंख्य व्यक्तियों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

# बाबा कढेरा सिंह विद्या मंदिर द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान के तीसरे चरण की पुनः शुरूवात

वेलकम इंडिया




**मथुरा/गोवर्धन।** बाबा कढेरा सिंह विद्या मंदिर के सौजन्य से सफाई अभियान के तीसरे चरण की शुरूवात दिनांक 20 जुलाई को की गई, अभियान की शुरूवात, विद्यालय चेयरमैन सुरेश सिंह एवं प्रबंधक प्रह्लाद सिंह, वीरपाल प्रधान, हरिओम के द्वारा की गई।

विद्यालय चेयरमैन सुरेश सिंह ने कहा कि श्री गोवर्धन पर्वत को पृथ्वी के सर्वाधिक पवित्र स्थानो में से एक माना जाता है।मूल रुप से गिरिराज श्रीकृष्ण के सीने अथवा हृदय से गोलोक में अवतरित हुए थे। प्रकाश के स्वरुप में दिव्य प्रेम पृथ्वी पर गिरा और वह एक विशालकाय पर्वत का आकार ग्रहण करने लगा, जिसे श्री ठाकुरजी एवं राधाजी का आशीर्वाद प्राप्त था। यह श्री राधाकृष्ण की अनेक लीलाओं से जुड़ा हुआ है और आज भी व्रज क्षेत्र में आने वाले सभी लोगों के लिए इस पवित्र स्थान की परिक्रमा बहुत महत्वपूर्ण होती है। बाबा कढेरा आवासीय विद्यालय प्रबंधक प्रह्लाद सिंह, ने कहा कि गोवर्धन एक आस्था ०विश्वास का प्रतीक है यहाँ देश झ विदेश के गिर्राज भक्तजन काफी संख्या में परिक्रमा ०दर्शन के लिए आते है गुरुपूर्णिमा में लाखो भक्तों की भीड़ होती है गिर्राज की तलहटी गोवर्धन में स्वच्छता की बहुत समस्याएं रहती है, वैसे स्वच्छता के प्रति शासन झ प्रशासन, स्थानीय जन प्रतिनिधि लगातार काम करते रहे है परन्तु क्षेत्र बड़ा होने के कारण समस्या बनी रहती है क दिनांक 20 जुलाई को 35 लोगों के साथ 32 झाड़ू लेकर परिक्रमा मार्ग खम्बा नंबर 101 से खम्बा नंबर 135 तक की सफाई की गई। इस सफाई अभियान कार्यक्रम में चेयरमैन सुरेश सिंह, प्रबंधक प्रह्लाद सिंह, डॉ. अशोक, बीरपाल प्रधान, रामबाबू मुकेश राघव, उप प्राचार्य रामबाबू, पंकज चौधरी देव चौधरी कोऑर्डिनेटर विपिन सिंह दाऊजी पंडित, हरिओम सिंह, उधम, हरिराम, मनोज, बेदप्रकाश, जगदीश, महेश, भोला पंडित, ऋषि पंडित, बच्चू, हाकिम चौधरी, आदि ने सहयोग किया।

# 260 किलोमीटर यात्रा करके झज्जर के बेरी पहुँचे छुछकवास के भोले

वेलकम इंडिया



**झज्जर, हरियाणा। विवेक जैन।** जनपद झज्जर के छुछकवास गांव में रहने वाले मोनू और सन्नी नाम के भोले हर की पौड़ी से जल भरकर 260 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए झज्जर के बेरी पहुँचे। भोले अपने कंधे पर जल के साथ-साथ भगवान शिवजी की भव्य मूर्ति कावड़ साथ लेकर चल रहे है जो लोगों के लिए मुख्य आकर्षण का केन्द्र बन रही है। इसके साथ-साथ भोलों का मधुर और मिलनसार व्यवहार सहज ही लोगों का ध्यान अपनी और आकर्षित कर रहा है। भोलो ने बताया कि उन्होने 11 जुलाई को हरिद्वार से भगौट के लिए हर की पौड़ी से जल उठाया है। बीच में कई शिविरों में विश्राम किया। बताया कि उत्तराखण्ड, यूपी और हरियाणा के कावड़ सेवकों का व्यवहार बहुत ही मिलनसार रहा। बम-बम भोले और ओम नम शिवाय का जाप करते हुए मंजिल की और बढ़ रहे है। भगवान शिव के आशीर्वाद से रास्ते में किसी प्रकार की कोई परेशानी नही हुई। बताया कि वे शिवलिंग पर विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए 22 जुलाई को जलाभिषेक करेंगें।

# जनता के साथ रखें व्यवहार, सहयोग से अपराध पर लगेगा अंकुश - थानाध्यक्ष बृजेश सिंह



असदुल्लाह सिद्दीकी

**कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर।** कोतवाली कपिलवस्तु क्षेत्र के पुलिस चौकी बजहा में आपरेशन कवच के तहत ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उनके सुझावों को रजिस्टर किया गया। समितियों से अपराध एवं अपराधियों के सम्बन्ध में सूचनाएं साझा करने का आग्रह किया गया। जिससे क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी नियन्त्रण स्थापित किया जा सकें। थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने चौकी प्रभारी बजहा अमला यादव को निर्देशित किया गया कि ग्राम सुरक्षा समिति में अच्छी छवि वाले नए सदस्यों को शामिल किया जायें, ताकि समिति की कार्यक्षमता और प्रभावशीलता में वृद्धि हो। कपिलवस्तु पुलिस जनता के सहयोग से क्षेत्र में शान्ति, सुरक्षा और अपराधमुक्त वातावरण स्थापित करने के लिए कटिबद्ध है। जनता से अपील है कि वे पुलिस के साथ यथा सम्भव सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस दें। गोष्ठी के दौरान एसएसबी के निरीक्षक नीरज कुमार शर्मा मय टीम, इन्टेलीजेन्स ब्युरो नीरज मीना, कवच सेल प्रभारी उप निरीक्षक रामकुमार यादव मय टीम, सर्विलांस सेल एवं एलआईयू के कर्मचारीगण के साथ ग्राम सुरक्षा समिति के अध्यक्ष, सदस्य गण उपस्थित रहें।

# एनयूजे प्रयागराज 15 अगस्त को शहीदो के त्याग और बलिदान पर आयोजित करेगा विचार गोष्ठी

वेलकम इंडिया




नेशनल यूनियन आँफ जर्नलिस्ट प्रयागराज जिला इकाई के जूलाई माह की महत्वपूर्ण बैठक डायट सभागार मे सम्पन्न हुआ। बैठक संरक्षक पवन दिवेदी तथा संरक्षक परवेज आलम के गरिमामयी उपस्थित मे हुआ बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव ने किया तथा संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव ने किया।बैठक की शुरूआत मे संगठन मंत्री अखिलेश शुक्ला ने कुल 13 प्रस्ताव रखा जिस पर सभी सदस्यो ने अपनी विचार रखे। सर्वप्रथम संगठन के मंत्री शिव पान्डेय जी की छोटी बहन की आकस्मिक निधन मिडिया से जुडे विनय श्रीवास्तव जी की आकस्मिक निधन तथा उ प्र सरकार के मंत्री तथा संगठन के शुभचिंतक पवन सिंह चौहान के बाबा जी शिव नारायण सिंह निधन पर दो मिन्ट के मौन रखकर श्रदाजँली दी गयी। आम सहमति से दो युवा तेजतरॉर साथियो आयुष श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष पद पर तो वही कुलदीप सिंह को मंत्री पद पर चुने गए।साथ ही नए सदस्यो का स्वागत किया गया एवं सदस्यो के साथ घटित घटना पर तकाल घटना स्थल पर पहुँच कर मदद करने वाले सदस्यो के प्रति आभार ब्यक्त किया गया। साथ संगठन दूारा स्वतंत्रता दिवस पर धवजा रोहण तथा आजादी तथा शहीदो के त्याग और बलिदान परै स्वतंत्रता दिवस शहीदो के नामै विचार गोष्ठी आयोजन करने पर विस्तृत विचार किया गया। बैठक मे संरक्षक पवन दिवेदी ने नव नियुक्त आयुष श्रीवास्तव उपाध्यक्ष तथा कुलदीप सिंह मंत्री को बधाई देते हुए कहाँ कि संगठन को आगे बढाने मे आप सभी अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे यही अपेक्षा है संगठन सभी सदस्यो के मान सम्मान बनाए रखने का कृत संकल्प है हर सदस्य हमारे लिए महत्वपूर्ण है बीते दिनो संगठन सदस्यो के साथ घटित घटना पर ततकाल मौके पर पहुँच कर साथियो को सहयोग किया यह हमारी एकजूटता को प्रदर्शित करता है आप की एकता ही संगठन की सबसे बडी ताकत है। वही संरक्षक परवेज आलम ने कहाँ कि संगठन अपने सदस्यो के हितो तथा मान सम्मान का पूरा ध्यान रखता है बीते दिनो घटित घटना पर एकजूटता के लिए सभी साथियो का आभार ब्यक्त किया तथा दोनो नए नियुक्त पदाधिकारियो को बधाई दी साथ ही कहाँ कि आज हमारे एनयूजे परिवार मे लगातार सदस्यो की संख्या बढ रही है हम एक देश ब्यापी और विशवसनीय तथा जिम्मेदार पत्रकार संगठन है।

हम पत्रकारो के हित के प्रति कृत संकल्प है।हम सब एकजूटता तथा मजबूती के साथ आगे बढ रहे है।

# श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को आठवीं कांवड यात्रा बिठूर के लिए होगी रवाना

वेलकम इंडिया



**झांसी!** बल खंडेश्वर सिद्ध शक्तिपीठ बूढ़े महादेव धाम से श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को आठवीं कावड़ यात्रा वैदिक मंत्रों के द्वारा पवित्र तीर्थ स्थान बिठूर के लिए रवाना किया जाएगा बोलो जय भोलेनाथ की,,,,,,,,,,,,,, झांसी। सैयर पहाड़ पर स्थित प्राचीन आदिकाल श्री श्री 1008 बल खंडेश्वर सिद्ध शक्तिपीठ बूढ़े महादेव धाम के प्रांगण से पवित्र तीर्थ स्थान बिठूर धाम के लिए गंगाजल लेने के लिए आठवीं कावड़ यात्रा को भक्तों शिष्य द्वारा रवाना किया जाएगा हर हर गंगे हर हर महादेव के जयकारों से और उद्घोष के साथ धार्मिक भजन कीर्तन ओम नमः शिवाय का जाप ओम नमो नारायण का महा मंत्र जाप शिष्यव भक्तों द्वारा किया जाएगा बल खंडेश्वर सिद्ध शक्तिपीठ बूढ़े महादेव धाम के महंत योगी योगाचार्य श्री श्री 108 योगी तपस्वी श्री आनंद गिरि जी महाराज नागा नारायण फक्कड़ बाबा के नेतृत्व और सान्निध्य मैं आठवीं कावड़ यात्रा सैयर पहाड़ से बल खंडेश्वर धाम से रवाना किया जाएगा जो की पवित्र तीर्थ स्थल बिठूर धाम कानपुर से श्री महाराज के नेतृत्व में पैदल ही कावड़ यात्रा हर हर महादेव हर हर गंगे बम बम भोले महाकाल बाबा सिद्ध बाबा बाबा मनसा नाथ ठाकुर बाबा धुना जूना सरकार पाताली सिद्ध शक्ति पीठ इच्छा पूर्ण दक्षिण मुखी हनुमान जी महाराज केदारनाथ महाराज जगत जननी माता शेरावाली अन्नपूर्णा माता के जयकारों से पहाड़ क्षेत्र गुज्जमान हो चुका है।

# दोस्तों के साथ नदी मे नहाने गया किशोर लापता,तलाश जारी

असदुल्लाह सिद्दीकी



उसका/सिद्धार्थनगर। उसका थाना क्षेत्र के गनेरा गांव के पास से गुजरने वाली कूड़ा नदी में नहाते समय एक किशोर लापता हो गया। पुलिस गोताखोरों की मदद से पुलिस छानबीन में लगी है। देर शाम तक उसका पता नहीं चला। वहीं, जानकारी के बाद परिवार के लोगों का रो- रोकर बुरा हाल है। नौगढ़ शहर के इंदिरा नगर तेतरी बाजार निवासी रितिक वर्मा (16) अर्जुन वर्मा रविवार शाम अपने छह दोस्तों के साथ नदी में नहाने के लिए उसका थाना क्षेत्र के गनेरा गांव के पास बहने वाली कूड़ा नदी पर गया था। बताया जा रहा है कि कुछ दोस्त बाहर थे और कुछ के साथ वह नदी में नहाने के लिए छलांग लगा दी। नहाते समय वह गहरे पानी में जाकर डूबने लगा। अन्य किसी प्रकार से बाहर निकले और शोर करने लगे। शोर सुनने के बाद ग्रामीण पहुंचते और तलाश करना शुरू कर दिया। लेकिन, उसका पता नहीं चला जानकारी के बाद एसओ उसका सूचना पर थानाध्यक्ष उसका हरिकृष्ण उपाध्याय पहुंचकर किशोर की खोजबीन में लग गए। स्थानीय लोगों द्वारा खोजबीन की गई पर शव नहीं मिला। मौके पर थानाध्यक्ष लोटन डीके सरोज पुलिस बल के साथ पहुंचे नायब तहसीलदार दुर्गेश मिश्रा, हलका लेखपाल सोनाली कुमारी मौके पर मौजूद रहे। ग्राम प्रधान गनेरा चंद्रजीत जायसवाल व भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस संबंध में एसओ हरिकृष्ण उपाध्याय ने बताया कि छानबीन की जा रही है। एसडीआरएफ को बुलाया गया है। डूबने की जानकारी मिलने के बाद रितिक के परिवार के लोगों का रो- रोकर बुरा हाल है। जानकारी के बाद लोग घटना स्थल पर पहुंच गए हैं।

बताया जा रहा है कि रितिक माता पिता का इकलौता पुत्र था। मृतक की दो बड़ी बहने है। मृतक दोनों बहनों से छोटा था। उसके डूबने से परिवार परेशान हो गया है। कारण उसकी दुनिया उजड़ गई है।

# खीरी पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, अपराधियों पर लगातार कस रहा शिकंजा

मोहम्मद असलम



**खीरी।** थाना खीरी निराला तिवारी ने कार्यभार संभालते ही अपनी तेज तर्रार कार्यशैली से पूरे क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान छेड़ दिया है। सावन के पावन माह में जहां एक ओर शिवभक्तों की कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न कराने के लिए व्यापक पुलिस व्यवस्था की जा रही है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। निराला तिवारी की इस सक्रियता का असर साफ दिख रहा है अपराधियों में खौफ और आमजन में भरोसे का माहौल बना है। बीते दिनों पुलिस को 112 नंबर पर चोरी और टप्पेबाजी की सूचना दी गई थी, लेकिन जांच में मामला झूठा निकला। दरअसल यह मामला पशुपालन से जुड़े लेनदेन का था, जिसे झूठी सूचना देकर पुलिस को भ्रमित किया गया था। थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए चारों आरोपियों को चिन्हित कर शांति भंग की धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया। इस कार्रवाई ने यह साफ कर दिया कि झूठी सूचनाएं देकर पुलिस व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा। इसी क्रम में थाना खीरी पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के खिलाफ भी अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की।

# नशा मुक्ति भारत के लिए निकाली जागरूकता रैली



असदुल्लाह सिद्दीकी

**खुनुवा/सिद्धार्थनगर।** सशस्त्र सीमा बल 43वीं वाहिनी की सीमा चौकी खुनवा द्वारा क्षेत्र के मिठ्वल गाँव के पलटा देवी मंदिर के समीप नशा मुक्त भारत के तहत रैली व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को नशे की लत के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया। सीमा चौकी खुनवा के सहायक उप निरीक्षक प्रसंता लंग्सम द्वारा ग्रामीणों को अवगत कराया गया कि विश्व में रोजाना सैकड़ों लोग नशे की लत के कारण होने वाली गंभीर बीमारियों से अपनी अनमोल जान को गवा रहे है। नशे का सेवन करके वाहन चलाने वाले लोग अक्सर दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। हमारे देश के उज्ज्वल भविष्य समाज के युवाओं पर टिका है। अगर देश की युवा पीढ़ी ही गलत रास्ते में जाने लगे तो निश्चित ही उनका भविष्य अंधकार में चला जायेगा। वर्तमान में युवा वर्ग के लिए नशा एक फैशन बन गया हैक युवाओं में नशे की लत हमारे समाज को खोखला कर रही है क नशीले पदार्थ जैसे शराब, तम्बाकू, सिगरेट आदि के सेवन से शरीर में कैंसर जैसी घातक बीमारी होती है क इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम अपने समाज के लोगों को जागरूक करें तथा नशा मुक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान दे क इसी उद्देश्य से 43वीं वाहिनी सिद्धार्थनगर की सीमा चौकी खुनवा द्वारा पलटा देवी मंदिर के समीप नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रैली कर सीमाई क्षेत्र के नागरिकों और युवाओ को जागरूक किया गया। इस अभियान में 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सिद्धार्थनगर की सीमा चौकी खुनवा से सहायक उप निरीक्षक प्रसंता लंग्सम व अन्य कार्मिको के साथ-साथ स्थानीय नागरिक और बच्चों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। एस.एस.बी कमांडेंट ने कहा, नशा शरीर के लिए नुकसानदायक होने के साथ पारिवारिक और आर्थिक क्षति पहुंचाता है। खासकर युवाओं को नशा नहीं करना चाहिए। वे देश का भविष्य हैं। रैली के जरिये लोगों को एक भारत-श्रेष्ठ भारत के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बच्चों के साथ पुरुष, महिला और एस.एस. के जवान शामिल रहे।

# आम आदमी पार्टी की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

वेलकम इंडिया




**झांसी।** आम आदमी पार्टी की जिला स्तरीय बैठक आज शिवाजीनगर स्थित नमन पैलेस में संपन्न हुई, बैठक में जिला, महानगर, विधानसभा एवं ब्लॉक स्तर के मेन बॉडी एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में हर घर अभियान के लिए पूरे उत्तर प्रदेश से चुने गए 101 प्रभारियों में से झांसी जिले के प्रभारियों का स्वागत किया गया। साथ ही सभी नए व पुराने वरिष्ठ पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। बैठक में बोलते हुए हर घर अभियान के प्रभारियों उदय यादव एवं हजारीलाल राजपूत ने प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में दिए गए दिशा निदेशों से सभी को अवगत कराया तथा हर घर अभियान तथा स्कूल बचाओ अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि योगी सरकार का प्राथमिक स्कूलों को बंद करने का निर्णय एक साजिश है जिसके पीछे आने वाली पीढ़ी को अशिक्षित तथा नशेड़ी बनाने का मंसूबा नजर आता है। सरकार कई ऐसे कारणों को लेकर स्कूलों को बंद कर रही है इस अवसर पर सरकारी स्कूल बंद करने को लेकर वायरल हुए बुंदेलखंडी गीत के वायरल शिक्षक गणपत कुशवाहा ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की जिस पर सभी ने उनकी हौसला अफजाई की और सच्चाई के रस्ते पर डटे रहने को कहा और उनकी भरोसा दिलाया कि आम आदमी पार्टी उनके साथ है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अरशद खान, प्रांतीय उपाध्यक्ष अर्चना गुप्ता, महानगर अध्यक्ष ग्यादीन कुशवाहा, प्रांतीय सचिव पुत्तू सिंह कुशवाहा, जिला महासचिव आशीष तिवारी, किसान प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी परवेज, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव हिमांशु यादव, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रांतीय अध्यक्ष इरशाद खान, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रांतीय सचिव आशीष गुप्ता, सभासद आशीष रायकवार, हर घर अभियान के प्रभारी हजारीलाल राजपूत, प्रभारी उदय यादव, प्रांतीय सचिव युवा प्रकोष्ठ अतुल आर्य, जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सीमा कुशवाहा, तिरंगा शाखा प्रभारी राजकुमार राव, महिला उपाध्यक्ष भाग्यलक्ष्मी अय्यर, महानगर उपाध्यक्ष इम्तियाज खान, महानगर महासचिव नीलम चौधरी, मऊरानीपुर विधानसभा अध्यक्ष अरविंद आर्य, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक साजिद निसार, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनुरुद्ध प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ विक्की खान, श्रम प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रशीद अंसारी सोनू, जिलाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ राजेश भदौरिया आदि।

# आस्था की डगर पर सुरक्षा की चौकसी, निराला तिवारी खुद कर रहे निगरानी

वेलकम इंडिया




**लखीमपुर खीरी:** छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में सावन माह के दौरान उमड़ने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए खीरी पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। थाना खीरी क्षेत्र में निकलने वाली कांवड़ यात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी निराला तिवारी के नेतृत्व में व्यापक तैयारी की गई है।थाना प्रभारी निराला तिवारी स्वयं क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं और जगह-जगह कांवड़ियों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और मार्गों की स्थिति का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिवभक्तों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पुलिस बल मुस्तैदी से ड्यूटी पर तैनात है।पुलिस की ओर से श्रद्धालुओं को जागरूक करने के लिए सड़क किनारे विशेष सूचना बोर्ड भी लगाए गए हैं, जिनमें सुरक्षा और यात्रा संबंधी दिशा-निर्देश स्पष्ट रूप से दर्शाए गए हैं। सूचना बोर्ड के अनुसार सभी यातायात नियमों का पालन करें, साउंड सिस्टम के ऊपर न बैठे, वाहन की क्षमता से अधिक लोगों को न बैठाएं, तेज गति से वाहन न चलाएं, अत्यधिक शोर/डीजे न बजाएं, सड़क किनारे लेटने की बजाय सुरक्षित स्थान पर विश्राम करें।किसी भी आपात स्थिति में तत्काल मदद के लिए आपातकालीन नंबर डायल 112, थाना खीरी 8707758244, क्षेत्राधिकारी सदर 9454401484, और पुलिस अधीक्षक 9454400284 पर संपर्क करने की अपील की गई है। निराला तिवारी ने श्रद्धालुओं से शांतिपूर्ण और संयमित यात्रा करने की अपील करते हुए कहा कि पुलिस का हर जवान आपकी सुरक्षा में तैनात है, कृपया नियमों का पालन करें और प्रशासन का सहयोग करें।

# डॉक्टर आजम ने ग्रामीणों की समस्याएं सुन समाधान का दिया आश्वासन

वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** सामाजिक कार्यकर्ता और यूथ आइकॉन के अध्यक्ष डॉक्टर आजम ने रविवार को क्षेत्र के ग्राम परशुपुरा में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए प्रशासन से बात करने का वादा किया। इसके साथ ही उन्होंने टांडा के मुख्य मार्ग पर स्थित दुकानों को अतिक्रमण के नाम पर तोड़े जाने से रोकने के लिए प्रशासन से गुहार लगाई। ग्राम परशुपुरा में आयोजित जनसुनवाई में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को डॉक्टर आजम के सामने रखा। ग्रामीणों ने अवगत कराया कि जलभराव, टूटी सड़कें और भीषण गर्मी में अत्यधिक बिजली कटौती जैसी समस्याओं से आम लोग सहित किसान परेशान हैं। डॉक्टर आजम ने हर शिकायत को ध्यान से सुना और ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी आवाज प्रशासन तक जरूर पहुंचेगी। उन्होंने लोगों से कहा कि आपका दुख-दर्द मेरा अपना है। मैं प्रशासन से मिलकर इन समस्याओं का समाधान कराने की पूरी कोशिश करूंगा। डॉक्टर आजम ने टांडा के मुख्य मार्ग पर स्थित दुकानों को अतिक्रमण के नाम पर हटाए जाने के मुद्दे पर भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा, ये दुकानें हजारों परिवारों की रोजी-रोटी का जरिया हैं। इन्हें तोड़ना न केवल व्यापार को ठप करेगा, बल्कि सैकड़ों लोग बेरोजगार हो जाएंगे। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि दुकानदारों के साथ सहानुभूति का रवैया अपनाया जाए और उनकी आजीविका बचाने के लिए वैकल्पिक उपाय तलाशे जाएं। डॉक्टर आजम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि परशुपुरा के बाद वे जिले के अन्य गाँवों में भी जाएंगे और वहां के लोगों की समस्याओं को सुनकर प्रशासन तक उनकी बात पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा, मेरा मकसद है कि हर उस व्यक्ति की आवाज सिस्टम तक पहुंचे, जो अपनी परेशानियों को लेकर अकेला महसूस करता है। डॉक्टर आजम ने प्रशासन से मांग की है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं पर तुरंत ध्यान दिया जाए। साथ ही, टांडा मार्केट के दुकानदारों के लिए कोई ऐसा हल निकाला जाए, जिससे उनकी आजीविका पर असर न पड़े। इस अवसर पर मतलूब सैफी, विकास सिंह, मोहसिन कैफ, अबू बक्र और मोहम्मद नावेद आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।



# सगे चाचा ने जमीन हड़पने के लिए नशे का आदी बनाकर बनाया बंदी

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** छाता तहसील के गांव खायरा में एक सगे चाचा ने अपने भाई की संपत्ति हड़पने के लिए इकलौते बेटे नत्तथो को नशे का आदी बना दिया, नशे का आदी इस कदर बना दिया कि वह बगैर नशे के रह नहीं सकता, अपने ही भाई के लड़के को पहले तो नशे का आदी बनाया और उसको पैसे देता रहा। जिससे कि वह नशे की लत में बुरी तरह फस गया। नत्थौ के एक जन्म जात अंधा लड़का है और एक लड़की है इन दबंग लोगों की डर की वजह से वह भी अपनी जान बचाकर बाहर रह रहे हैं। इन दबंग और हिंसक लोगों ने जमीन बैनामा कराने के लिए नत्थौ पर दबाव बनाया तो उसने मना कर दिया इसलिए इन लोगों पर हैवानियत इतनी सवार हो गई कि उन्होंने नत्थों को लोहे की जंजीरों से बांधकर एक अंधेरे कमरे में बंद कर दिया। वही उसको शौच करनी पड़ रही थी, वही उसको खाना दिया जा रहा था। जिससे कि वह मर ना सके किसी तरह और लोगों को पता चलने पर पुलिस को सूचित किया तो पुलिस दरोगा हुकम सिंह ने अपने कांस्टेबलों के साथ जाकर के उसे बंधन मुक्त कराया और थाने ले आए अब देखना होगा कि पुलिस प्रशासन ऐसे क्रूर लोगों के साथ क्या कार्यवाही करेगा।

## पेड़ हमें फल और छाया ही नही देते बल्कि ये हमारे जीवन को भी संरक्षित करते हैं - पूरन सिंह

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** एक पेड़ मां के नाम अभियान को लेकर क्यारा ब्लॉक के उच्च प्राथमिक व प्राथमिक विद्यालय ठिरिया ठाकुरान में खण्ड शिक्षाधिकारी पूरन सिंह व एआरपी डी पी एस यादव की उपस्थिति में विद्यालय प्रांगण मे वृक्षारोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों व बच्चो ने खंड शिक्षा अधिकारी पूरन सिंह और एआरपी डी पी एस यादव के साथ मिलकर फलदार और छायादार पौधे लगाए। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी पूरन सिंह ने वृक्षारोपण के महत्व को बताते हुए कहा कि विद्यालय को हरा भरा बनाने के लिए वृक्षारोपण बहुत जरूरी है, इससे समुदायों को हरा-भरा और स्वस्थ वातावरण मिलता है। पेड़ हमें फल और छाया ही नही देते बल्कि ये हमारे जीवन को भी संरक्षित करते हैं। वृक्षारोपण से सामुदायिक भावना भी मजबूत होती है, क्योंकि जब समाज के सभी लोग मिलकर पेड़ लगाते हैं और उनकी देखभाल करते हैं तब उनके साथ बच्चों और युवाओं में भी प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ती है और वे पर्यावरण की सुरक्षा के महत्व को समझते हैं। एआरपी डी पी एस यादव ने बच्चो को विभिन्न प्रकार के पौधों जैसे अशोक, सहजन, नींबू, करौंदा, फलदार एवं छायादार पौधों की उपयोगिता के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण हमारे पर्यावरण और जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल हमें शुद्ध हवा और ऑक्सीजन प्रदान करता है, बल्कि जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में भी मदद करता है। वृक्षारोपण से जल संरक्षण में भी सहायता मिलती है। इस कार्यक्रम के संपन्न होने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर निशा रानी, प्रवीन गंगवार, दीप्ति सक्सेना, रीना व राजो रानी उपस्थित रहे।

## होमगार्ड को कार के बोनट पर टांगकर चार किमी तक कार दौड़ाने वाला आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** कांवड़ यात्रा के दौरान ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को आखिरकार कोतवाली पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर ही लिया है। आरोपी युवक ने होमगार्ड को कार के बोनट पर टांग कर करीब चार किलोमीटर तक शहर में कार दौड़ाई थी। इस घटना के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया था। अब, जब आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है तो पुलिस आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई में जुट गई है। दरअसल ये घटना शनिवार रात करीब 11:30 बजे की है, जब चौपुला चौराहे पर टीएसआई गजेंद्र सिंह और होमगार्ड अजीत कुमार यातायात डायवर्जन की ड्यूटी कर रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार कार वन-वे में घुसने की कोशिश करने लगी। होमगार्ड अजीत कुमार ने जब कार रोकने की कोशिश की तो आरोपी ने कार की रफ्तार तेज कर दी, जिससे अजीत कुमार बोनट पर चढ़ गए। इसके बाद आरोपी ने कार को चौपुला से चीनी मिल रोड, चौरासी घंटा मंदिर, पोस्टमार्टम हाउस रोड होते हुए मिशन कंपाउंड चौराहे तक दौड़ा दी। पीछे से पीछा कर रही ट्रैफिक पुलिस की गाड़ी को भी आरोपी ने टक्कर मारने की कोशिश की। बाद में किसी तरह होमगार्ड कार से कूदकर जान बचाने में सफल रहे। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित पांडेय के नेतृत्व में कई टीमों ने रातभर आरोपी की तलाश की। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर आईसीसीसी की मदद से घटनाक्रम की सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई और आरोपी की पहचान कर ली गई। आरोपी की पहचान करगैना निवासी दक्ष पुत्र ओमप्रकाश के रुप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अमित पांडेय ने बताया है कि आरोपी को चिन्हित कर हिरासत में ले लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है और विधिक प्रक्रिया के तहत जेल भेजने की तैयारी है। यह घटना बेहद गंभीर है, इसलिए किसी भी स्तर पर कोताही नहीं बरती जायेगी। सीओ प्रथम आशुतोष शिवम के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास, शासकीय कार्य में बाधा, और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसी धाराओं में मामला दर्ज किया जा रहा है।

## मौलाना छांगुर जैसे अपराधियों को पाकिस्तान भेज देना चाहिए: दिनेश फलाहारी



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर केस के मुख्य याचिका कर्ता और श्री कृष्ण जन्म भूमि संघर्ष न्यास न्यास के अध्यक्ष दिनेश फलाहारी ने मौलाना छांगूर पर सरकार से कठोर कार्यवाही की मांग की है।

दिनेश फलाहारी ने कहा कि देश मे ऐसे ना जाने कितने कालनेमी मौलाना मौजूद हैं जो अंतरराष्ट्रीय षड़यंत्र के तहत देश में लव जिहाद की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, इस पर कठोर कार्यवाही होनी चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता अश्विनी शर्मा ने कहा कि इन लोगों की फंडिंग विदेशों से होती है और देश को खोखला करने में लगे हुए हैं। समाजसेवी राजेश पाठक ने कहा कि मौलाना छांगुर ने बहुत बड़ा अपराध किया है, इसकी फंडिंग की पूरी जाँच होनी चाहिए जिससे और कोई भी व्यक्ति इस प्रकार का अपराध न कर सके।

## दबिश के दौरान 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियु.क्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना मेंहदावल उ0नि0 शैलेन्द्र सिंह, का0 पंकज कुमार ने वारण्टी रामसेवक पुत्र श्रीरामदुलारे निवासी बढया ठाठर थाना मेंहदावल को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

## मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 76 वाहनों से 89,500 रू0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

**संतकबीरनगर।** रविवार को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 76 वाहनों से 89,500रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया ।

## मथुरा चेयरमैन संघ ने नगर विकास मंत्री का स्वागत कर मानदेय व गनर दिलाने का मांगपत्र सौंपा

वेलकम इंडिया



**मथुरा/नन्दगांव।** नगर विकास मंत्री ए के शर्मा के मथुरा आगमन पर मथुरा नगरीय निकाय चेयरमैन संघ ने भव्य स्वागत कर 02 सूत्री मांग पत्र सौंपा। नगर विकास मंत्री ए के शर्मा शनिवार देर रात धार्मिक यात्रा पर नंदगांव नन्द बाबा मंदिर पर पहुंचे। जहां नन्द बाबा के दर्शन पूजा कर भजन संध्या में भाग किया। मंदिर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भीम चौधरी ने चांदी का मुकुट बांध कर व समाज सेवी दीपक गोस्वामी, व्यवसाई अजय शर्मा ने स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया। नन्द बाबा मंदिर पर जनपद की सभी नगरीय निकाय चेयरमैनो ने चेयरमैन संघ की ओर से मंत्री को पीतल की गदा भेंट कर स्वागत करते हुए समस्त नगर पंचायत और नगर पालिका अध्यक्ष को सुरक्षा के लिए एक एक गनर देने व मासिक मानदेय के रूप में तीस हजार रुपए मासिक दिए जाने संबंधी मांग पत्र सौंपा। इस अवसर पर चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष राया चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल, कोसी नगर पालिका चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल, गोवर्धन चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार, गोकुल चेयरमैन संजय दीक्षित, सौंख चेयरमैन योगेश लंबरदार, फरह चेयरमैन शालिग्राम बटिया, दाऊजी चेयरमैन डॉ मुरारी लाल अग्रवाल, छाता चेयरमैन प्रतिनिधि कान्हा ठाकुर, राधाकुंड चेयरमैन रामफल मुंशी, दिनेश चौहान, मोहन लाल आदि ने मंत्री का स्वागत कर ज्ञापन दिया।

## कब्रिस्तान में सीमित जगह को लेकर बबाल, किन्नर के शव को दफनाने पर मोहल्ले में बढ़ा तनाव

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** बहेड़ी कस्बे के अब्बास नगर मोहल्ले में एक किन्नर की मौत के बाद शव को दफनाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। मोहल्ले के लोगों और मृतक के साथियों के बीच कब्रिस्तान में शव को दफन करने को लेकर कहासुनी हो गई। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस को मौके पर पहुंचकर हस्तक्षेप करना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार भोला किन्नर का शनिवार को निधन हो गया था। परिजन और साथी जब शव को मोहल्ले के पास स्थित कब्रिस्तान में दफनाने पहुंचे, तो स्थानीय निवासियों ने विरोध कर दिया। उनका कहना था कि यह कब्रिस्तान बेहद सीमित है और पहले ही बाहरी लोगों को स्पष्ट कर दिया गया था कि वे अपने परिजनों के शवों को अलग से दफन करने व्यवस्था करें। स्थानीय विरोध के चलते मृतक के परिजन शव को लेकर मूल गांव जोखनपुर चले गए, लेकिन वहां भी उन्हें शव को दफन करने की अनुमति नहीं मिली। गांव वालों ने भी कब्रिस्तान में शव को दफनाने से इनकार कर दिया। थक-हारकर परिजन शव को वापस अब्बास नगर ले आए। इसके बाद एक बार फिर विरोध शुरू हो गया। मामला बढ़ता देख पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों से बातचीत कर आपसी सहमति से कब्र के लिए स्थान तय कराया गया। पुलिस की निगरानी में किन्नर भोला का शांतिपूर्वक अंतिम संस्कार कराया गया।

## ब्रज संस्कृति को शाश्वत बनाए रखने की साधना है: रासलीला प्रशिक्षण

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** वृंदावन में श्रीकृष्ण की रासलीलाएं ब्रज की चेतना हैं, जिनमें भक्ति, कला, दर्शन और प्रेम का अद्भुत समन्वय विद्यमान है। इस परंपरा को सहेजने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने हेतु गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी द्वारा जो कार्य किया जा रहा है, वह अत्यंत अनुकरणीय और प्रेरक है। भगवान कृष्ण की लीलाओं का मंचन, न केवल मंचों पर भक्तिपूर्ण प्रस्तुति होती है, बल्कि यह ब्रज की रास परंपरा की जीवंत पुनर्प्रस्तुति के रूप होता है। प्रशिक्षु बालकझबालिकाओं के माध्यम से प्रस्तुत रासलीला, एक सांस्कृतिक उत्तराधिकार को अगली पीढ़ी तक हस्तांतरित करने की सुंदर प्रक्रिया है। ब्रज तीर्थ विकास परिषद, उत्तर प्रदेश सरकार के संरक्षण में वृंदावन स्थित गीता शोध संस्थान, बीते साढ़े तीन वर्षों में न केवल अनेक लीलाओं का प्रशिक्षण व मंचन कर चुका है, अपितु गीता जैसे आध्यात्मिक ग्रंथ के प्रचार-प्रसार में भी उल्लेखनीय भूमिका निभा रहा है। स्कूलों व कॉलेजों में गीता पर आधारित प्रेरक कार्यक्रमों के माध्यम से हमारे युवा अपनी जड़ों से पुनः जुड़ रहे हैं। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग का सदैव यह प्रयास रहा है कि उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिकझसांस्कृतिक परंपराएं अक्षुण्ण रहें और उन्हें नवीन ऊर्जा मिले। इस दिशा में उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के अधिकारियों के सानिध्य में गीता शोध संस्थान का यह प्रयास सांस्कृतिक योजनाओं के धरातल पर उतरने का जीवंत प्रमाण है। ब्रज की कृष्ण लीलाओं का बच्चों को प्रशिक्षण देना, उनसे मंचन कराना निश्चित ही ब्रज संस्कृति को बचाने का ठोस प्रयास है। वृंदावन की पुण्यभूमि पर श्रीकृष्ण की रासलीलाएं केवल भक्ति का अभिनय नहीं, अपितु ब्रह्म और भक्ति के मिलन की दिव्य अनुभूति हैं। रास परंपरा ने भारत की अध्यात्म, कला, संगीत और समाज चेतना को हजारों वर्षों तक दिशा दी है। आज के आधुनिक युग में जब सांस्कृतिक मूल्यों का क्षरण देखा जा रहा है, ऐसे समय में गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन द्वारा किया जा रहा कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रशंसनीय है। भ्रमर गीत, नित्य रास, मुदरिया चोरी, कालिया मर्दन आदि तमाम लीलाओं का यह मंचन न केवल परंपरा का संरक्षण है, बल्कि यह भावी पीढ़ी में ब्रज की सांस्कृतिक स्मृति को जागृत रखने का सशक्त प्रयास भी है।

## शिक्षक रजनीश के समर्थन में गरजी कुर्मी क्षत्रिय सभा, प्रशासन को दी आंदोलन की चेतावनी

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** शिक्षक रजनीश गंगवार को लेकर वायरल हुए वीडियो प्रकरण में अब कुर्मी क्षत्रिय सभा खुलकर मैदान में आ गई है। रविवार को हुई बैठक में सभा ने इसे शिक्षक की छवि धूमिल करने की पूर्व नियोजित साजिश करार देते हुए न सिर्फ एफआईआर को दुर्भावनापूर्ण बताया, बल्कि चेतावनी भी दी कि यदि प्रशासन ने इस मामले में निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई नहीं की, तो कुर्मी समाज प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू करेगा। सभा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने शिक्षक रजनीश के समर्थन में हुंकार भरते हुए कहा कि कि जो लोग शिक्षा का माहौल सुधारने की बात कर रहे और शिक्षक को बदनाम कर रहे हैं, असल में वे ही समाज को बांटना चाहते हैं। रजनीश गंगवार की मंशा किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचना नहीं था, बल्कि वह तो बच्चों को केवल ज्ञान और शिक्षा के महत्व को समझाने का प्रयास कर रहे थे। सभा के कोषाध्यक्ष आलोक गंगवार ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि पूरा वीडियो पहले से ही सोच-समझकर रिकॉर्ड किया गया और फिर वायरल कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि शिक्षक रजनीश वर्षों से पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं और यह प्रकरण उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और बदनाम करने की कोशिश है। सभा के ऑडिटर एडवोकेट मनोज बाबू गंगवार ने एफआईआर को पूरी तरह दुर्भावनापूर्ण करार देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर शिक्षक के खिलाफ गालियों और धमकी भरे मैसेज भेजे जा रहे हैं।

# सूर्य संगम : कांवड़ सेवा एवं सौर ऊर्जा जन जागरूकता शिविर का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ)।** राज चौपला, मोदीनगर पर सूर्य संगम द्वारा विशेष कांवड़ सेवा सह सौर ऊर्जा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला प्रशासन गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण तथा अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मण्डल, गाज़ियाबाद महेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में उपखण्ड अधिकारी द्वितीय, मोदीनगर ने भी सक्रिय सहभागिता प्रदान की। जिससे आयोजन को प्रशासनिक सहयोग और सशक्तता प्राप्त हुई।इस शिविर का उद्देश्य कांवड़ यात्रियों की सेवा करते हुए उन्हें सौर ऊर्जा के लाभों, सरकारी सब्सिडियों एवं प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की जानकारी देना था। इस योजना के अंतर्गत 3 किलोवाट या उससे अधिक की सौर प्रणाली पर भारत सरकार ?78,000 तथा उत्तर प्रदेश सरकार ?30,000 तक की सब्सिडी प्रदान कर रही है। जिससे नागरिकों को कुल ?1,08,000 तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध हो सकती है। इसके अतिरिक्त 4000 कांवड़ यात्रियों को जलपान सेवा, 2000+ यात्रियों को सौर ऊर्जा के लाभों की जानकारी दी गई तथा 70+ यात्रियों को ₹सूर्य नायक बैज₹ से सम्मानित किया गया।सूर्य संगम टीम की ओर से आलोक राय एवं चिराग पटेल द्वारा सौर कूपन वितरित किए गए और सूर्य नायक यात्रियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अनुभव कुमार, अभिषेक कुमार, श्रेय सिंह सहित अनेक स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। सूर्य संगम कोम, भारत का पहला डिजिटल सोलर मार्केटप्लेस है जो पारदर्शिता, गुणवत्तापूर्ण ब्रांड और एआई आधारित सौर कैलकुलेटर ₹सूर्य कैल्क ₹ जैसी सुविधाएं एक ही मंच पर प्रदान करता है। एर्गोन सोलर ने इस आयोजन में मुख्य प्रायोजक की भूमिका निभाई जबकि सामाजिक प्रयोजन ट्रस्ट सतत विकास भागीदार के रूप में सम्मिलित रहा। यह आयोजन ऊर्जा संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक प्रभावशाली प्रयास सिद्ध हुआ है। विधुत वितरण मंडल गाजियाबाद के समस्त उपभोक्ताओं से अनुरोध है की प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का लाभ उठा कर पर्यावरण की रक्षा करे।




# विश्व हिंदू महासंघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**चांदपुर :** विश्व हिंदू महासंघ चांदपुर के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन थाना चांदपुर को दिया गया। संगठन के द्वारा मांग की गई की धर्मांतरण कराने वालो के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई हो हाल ही में जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को पकड़ा गया जिसने काफी संख्या में धर्मांतरण कराया ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग मुख्यमंत्री जी से की गई। ज्ञापन देने पीयूष अरोड़ा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विश्व हिंदू महासंघ के नेतृत्व में चांदपुर तहसील के पूर्व अध्यक्ष दीपक शर्मा पूर्व उपाध्यक्ष पारस राठी, पूर्व नगर अध्यक्ष गोविंद गिरी, पूर्व नगर मंत्री संदीप सैनी, पूर्व नगर उपाध्यक्ष सचिन बस्सी, नगर मंत्री पूर्व अनिल सैनी आदि अनेक लोक मौजूद रहे। यह ज्ञापन वरिष्ठ उप निरीक्षक प्रदीप कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा गया। विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश। कार्यकारिणी सदस्य पीयूष अरोड़ा ने रोडवेज के निकट चांदपुर में बंद पड़े पिक बूथ को सुचारु करने की मांग की गई।

# वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णुशंकर जैन ने किया मां का दर्शन-पूजन



वेलकम इंडिया

**वाराणसी।** दुर्गा कुंड स्थित मां कुष्मांडा देवी का दर्शन करने पहुंचे वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णुशंकर जैन।जैन ने कहां की विश्व कल्याण के लिए मां कुष्मांडा देवी का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया व कामना किया कि देश में शांति बनी रहे और सभी पर मां का आशीर्वाद भी बना रहे।

इस दौरान साथ में श्री श्री 1008 डॉ. सचिंद्रनाथ महाराज (पीठाधीश्वर-श्रीकुल पीठ), पंडित अवलेश पांडेय उपमहंत(प्रमुख मंदिर) काशी, पंडित संजीव दुबे महंत दुगार्कुंड, पंडित ऋषभ दुबे ने अधिवक्ता विष्णुशंकर जैन के साथ विधिविधान से हवन-पूजन कर मां कुष्मांडा देवी को प्रसाद भेंट किया।

# डीपीएस मोदीनगर में वृक्षारोपण अभियान का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में दिनांक 11 जुलाई 2025 को वन विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से ह्लएक पेड़ माँ के नामह्व विषय पर एक प्रेरणादायक एवं भव्य वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली को बढ़ावा देना तथा छात्रों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसके उपरांत विद्यालय प्रांगण में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। इनमें फलदार, औषधीय एवं सजावटी पौधे शामिल थे। विद्यालय की सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और यह संकल्प लिया कि वे इन पौधों की देखभाल पूरे वर्षभर करेंगे। इस अवसर को और भी रचनात्मक बनाने के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अत्यंत सुंदर और संदेशप्रद चित्र बनाए। प्रतियोगिता को विभिन्न वर्गों में बाँटा गया और प्रत्येक वर्ग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा, ह्लऐसे प्रयास न केवल विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाते हैं, बल्कि उनमें नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी उत्पन्न करते हैं। वहीं ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा,एक पेड़ सिर्फ प्रकृति नहीं, बल्कि जीवन का उपहार है। इसे माँ को समर्पित करना हमारे पर्यावरण और भावनाओं दोनों के लिए एक पूजनीय कार्य है। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री एन. सिंह ने कहा,वृक्षारोपण हमारे पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने का माध्यम है। यह छात्रों में प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को भी मजबूती देता है।

यह वृक्षारोपण अभियान न केवल विद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाने की दिशा में एक प्रयास रहा, बल्कि छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करने का भी सशक्त माध्यम बना।



# अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में परचम लहराने के लिए भारतीय टीम हुई रवाना



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** हरियाणा के हांसी में आयोजित तीन दिवसीय चैंपियनशिप में आनिया स्पोर्ट्स एकेडमी के चयनित खिलाड़ी भूटान की राजधानी थिम्पू में दिखाएंगे अपना दमखम टीम कोच (अजय कुमार)व (संजय वर्मा)द्वारा बताया गया। खिलाड़ियों की सूची मे आनिया, देवराज, आयुष गिरी, मोहित,निशांत, मोक्ष, हार्दिक, जतिन बंसल, गौरी, आर्यन, आर्यन सिंह, आयुष्मान, सूरज, अर्जुन सिंह, खुशी, कृष्णा कुमार, गौरव यह सभी खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे ।टीम मैनेजर विशुन मिश्रा व लोकेश सैनी कोच अजय कुमार संजय वर्मा के नेतृत्व में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगे।खिलाड़ियों के विजय प्राप्त करने के लिए आशीर्वाद देकर सुरवीन इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य (डॉ सरिता सिंधु) स्पोर्ट्स हेड (अभिषेक चौधरी) (पारुल विश्वकर्मा)(अंकित साहू) व(अनुज कुमार)ने टीम को जीत की शुभकामनाओं देकर विदा किया व उज्वल भविष्य की कामना की।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की ओर से 51 पौधों का पौधारोपण किया गया



वेलकम इंडिया

**मुरादाबाद :** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद जिला मुरादाबाद की ओर से पौधारोपण का कार्यक्रम के.जी.के ? डिग्री कॉलेज के मैदान में किया गया। जिसमें 51 पौधों का पौधारोपण किया गया। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के जिला अध्यक्ष पी.एस. उपाध्याय (नीटू उपाध्याय) ?ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़ पौधे की आवश्यकता होती है पेड़-पौधों के विना जीवन असंभव है सभी को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए इस कार्यक्रम में जिला संरक्षक, हरीश दुबे (गुरुजी), जिला संयोजक डॉ विनोद पांडे, चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक, डॉ राजकुमार शर्मा, जिला महासचिव मुदित उपाध्याय, अधिवक्ता प्रकोष्ठ संयोजक विपिन शर्मा, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अभिनव भट्ट ,जिला उपाध्यक्ष विशाल शुक्ला, जिला सचिव सुखदेव शर्मा, विजयशर्मा, दिनेश शर्मा, रामनारायण पुठिया, पार्षद विनोद शर्मा, नरेश शर्मा, नकुल शर्मा, अमित उपाध्याय, शौर्य उपाध्याय, गौरव मिश्रा आदि लोग शामिल हुए।

# समाजसेवी स्वदेश जैन 28 वर्षों से लग रहे हैं कावड़ सेवा शिविर, सेवा ही सबसे बड़ा धर्म: स्वदेश जैन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** समाजसेवी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वदेश जैन दिल्ली मेरठ मुख्य मार्ग पर कादराबाद के निकट पिछले 28 वर्षों से कावड़ सेवा शिविर लगाते आ रहे हैं। शिविर का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ किया गया। इस मौके पर विधायक डॉ मंजू सिवाच, भाजपा जिला अध्यक्ष चैन पाल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल, नगर अध्यक्ष आकाश शर्मा, चौधरी ओमपाल सिंह, राम भरोसे लाल मौर्य, बिजेंदर चौधरी, श्यामलाल, राकेश , कुमुद महेश्वरी, प्रदीप बॉस, पिंकी चौधरी, राकेश शर्मा, सतीश जैन गौरव जैन, सौरभ जैन, सुगंध जैन सहित शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।इस मौके पर स्वदेश जैन ने बताया कि वे पिछले 28 वर्ष से अपने मित्र जनो के सहयोग से शिविर लगाकर गंगाजल लेकर आने वाले शिव भक्त कांवड़ियों की सेवा शिविर में करते हैं ।

शिविर में आराम करने के साथ-साथ भोजन एवं चिकित्सा की सुविधा कांवड़ियों को दी जा रही है। हजारों शिव भक्ति कांवरिया शिविर में जाकर आराम कर रहे हैं तथा प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। स्वदेश जैन ने कहा कि शिव भक्त कांवड़ियों की सेवा से जो आनंद प्राप्त होता है वही भगवान की सबसे बड़ी भक्ति है ।

# रोटरी क्लब गाज़ियाबाद सेंट्रल द्वारा कांवड़ियों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा शिविर



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** श्रावण मास के पावन अवसर पर रोटरी क्लब गाज़ियाबाद सेंट्रल ने दिल्ली पब्लिक स्कूल, मेरठ रोड पर कांवड़ यात्रा में सम्मिलित भोले भक्तों की सेवा हेतु एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर की शुरूआत की है। यह शिविर 15 जुलाई से 23 जुलाई तक 24 घंटे सेवा प्रदान करेगा। शिविर में विभिन्न प्रकार की आवश्यक दवाइयों, प्राथमिक चिकित्सा, थकान निवारण एवं स्वास्थ्य परामर्श की उत्तम व्यवस्था की गई है। इस सेवा कार्य में सेवा भारती महानगर गाज़ियाबाद का सराहनीय सहयोग प्राप्त हो रहा है। 19 जुलाई को क्लब के प्रेसिडेंट रोटेरियन रोहित अग्रवाल एवं रचना अग्रवाल, सचिव रजत बंसल एवं गुंजन बंसल, पूर्व अध्यक्ष अजय शर्मा, वरिष्ठ सदस्य राज कुमार चौधरी, पुष्पेन्द्र रावत, मनोज सिंघल, संजय गर्ग, दीपक गर्ग, विशाल सिंघल, कपिल गोयल, निशा गुप्ता, पराग अग्रवाल, अनुपम गर्ग और सेवा भारती अध्यक्ष अखिल अग्रवाल सहित सेवा भारती के कई सदस्य उपस्थित रहे और श्रद्धालुओं की तन-मन-धन से सेवा की। यह शिविर रोटरी क्लब गाज़ियाबाद सेंट्रल की सामाजिक प्रतिबद्धता और 'सेवा ही धर्म' की भावना का सशक्त उदाहरण है।

# मोदीनगर में मुख्य मार्ग पर कॉवडियों का उमडा सैलाब

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** दिल्ली मेरठ मुख्य मार्ग पर रविवार सुबह से कांवड़ियों का सैलाब उमड़ रहा है। झांकी वाली कांवड़ भी लगातार आ रही है। सबका शिवरात्रि से एक दिन पहले पहुंचने का लक्ष्य है। झांकी देखने के लिए लोग दोपहर से ही गाजियाबाद को जाने वाली साइड के दोनों और आकर बैठ जाते हैं। यह सिलसिला देर रात तक जारी रहता है। रविवार सुबह से झांकी वाली कावड़ की संख्या बेतहाशा बढ़ी है।दूसरी ओर हरिद्वार की ओर जाने वाली साइड में डाक कांवड़ कल शाम से ही जानी शुरू हो गई है। इनमें फोर व्हीलर गाड़ियां तो है, इसके अलावा भारी संख्या में मोटरसाइकिल से भी डाक कावड़ लेने के लिए लोग जा रहे हैं। बीती रात मुख्य मार्ग पर कादराबाद पर डाक कावड़ लेने जा रहे दो कावड़ियों की सड़क हादसे में मौत हो गई। इसमें तीन लोग घायल भी हुए हैं,उन्हें सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत में पहले से कुछ सुधार है। उधर मोदीनगर में लगे दो दर्जन से भी अधिक कावड़ शिवरों में जमकर सेवादार सेवा में लगे हैं । शिवरों में दोपहर को कांवडिए जहां शिविरों में आराम करते हैं तथा उनके लिए स्वादिष्ट भोजन व मेडिकल की भी व्यवस्था की गई है। जहां पैरों में छाले पड़े कांवरियों का उपचार भी किया जा रहा है। पिछले साल के मुकाबले काफी इजाफा हुआ है।कांवरियों की संख्या बढ़ाने के साथ प्रशासन पुलिस रात दिन चौकसी बरत रही है । चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात है। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया ने बताया कि शहर में 350 सौ से अधिक विशेष पुलिस अधिकारी को भी लगाया गया है। शहर में चार जगह कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। जिन्हें कोतवाली से जोड़ा गया है। इसके अलावा शहर में मुख्य- मुख्य स्थानो पर लगे सीसीटीवी कैमरे को भी कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है ।

# हल्दौर डिग्री कॉलेज के बीबीए द्वितीय सेमेस्टर का परिणाम घोषित

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



Aakash chaudhary
91.3 %



Rishab kumar
91.3 %

**बिजनौर :** हल्दौर डिग्री कॉलेज ने अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण देते हुए बीबीए द्वितीय सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया है। इस वर्ष परीक्षा में सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की, जिससे कॉलेज की मेहनत और शिक्षण स्तर की पुष्टि हुई है। कॉलेज प्रशासन के अनुसार इस सेमेस्टर की सफलता दर 100 प्रतिशत रही है, जो विभाग की उच्च शिक्षा की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। परिणाम के अनुसार, आकाश और ऋषभ ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया है, दोनों ने 91.3 प्रतिशत अंक हासिल किए। इस उपलब्धि ने न केवल उनकी व्यक्तिगत मेहनत को बल्कि कॉलेज की शैक्षिक क्षमता को भी उजागर किया है। इनके समर्पण और लगन ने अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत प्रस्तुत किया है। द्वितीय स्थान पर आकाश राठी, अनुज, अर्पित, लक्की, रचित और सुशांत ने साझा रूप से 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। यह समूह भी अपनी मेहनत और अनुशासन के कारण समस्त कॉलेज में प्रशंसा का पात्र बना है। तीसरे स्थान पर शशिकांत ने 89.4 प्रतिशत अंक हासिल किए, जो उनकी निरंतरता और समर्पण का प्रमाण है। इस सफलता के पीछे कॉलेज के समर्पित और अनुभवी शिक्षकों की भी अहम भूमिका रही है। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को लगातार मार्गदर्शन, प्रेरणा और समर्थन प्रदान किया, जिससे परिणाम इतने उत्कृष्ट रहे। सभी शिक्षकों ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्र-शिक्षक के सहयोग और परिश्रम का परिणाम है, और आगे भी इस प्रकार की उपलब्धियां प्राप्त होती रहेंगी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. योगेंदर त्यागी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा,₹यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, समर्पण और परिवार के सहयोग का परिणाम है। हमारा संस्थान हर कदम पर छात्रों का मार्गदर्शन करता है और उनकी बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध है। मैं सभी छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूँ। परिणाम की घोषणा के बाद कॉलेज परिसर में उत्साह का माहौल छा गया। छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। अभिभावकों ने भी कॉलेज प्रशासन और शिक्षकों का धन्यवाद किया, जिन्होंने बच्चों को मार्गदर्शन दिया। यह परिणाम हल्दौर डिग्री कॉलेज की समर्पित शिक्षण प्रणाली, कड़ी मेहनत और सकारात्मक वातावरण का प्रमाण है। कॉलेज के सभी सदस्य भविष्य में भी इसी प्रकार की उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए तत्पर हैं।

# निगम प्रशासन के बीच चली तनातनी आखिरकार खत्म

## निगम परिसर में डटे रहे डटे पार्षद, नगरायुक्त को देनी पड़ी लिखित सहमति

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम गाजियाबाद में बीते कुछ दिनों से पार्षदों और निगम प्रशासन के बीच चली तनातनी आखिरकार खत्म हो गई। 30 जून की निगम बोर्ड बैठक के मिनट्स न मिलने से नाराज पार्षदों ने जहां निगम परिसर में मोर्चा संभाल लिया था, वहीं नगरायुक्त और सदन सचिव को आखिरकार पार्षदों की मांगों के आगे झुकना पड़ा। शनिवार को निगम प्रशासन की ओर से पार्षदों को तीन प्रमुख मांगों पर लिखित आश्वासन दिया गया, जिसके बाद पार्षद अपने-अपने वार्ड की ओर लौट गए। 30 जून को हुई निगम बोर्ड बैठक में हाउस टैक्स में की गई बढ़ोतरी को सर्वसम्मति से खारिज कर दिया गया था। इसमें महापौर सुनीता दयाल, पदेन सदस्य सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, विधायक संजीव शर्मा और विधायक अजीत पाल त्यागी भी शामिल थे। लेकिन बैठक के बाद करीब 20 दिनों तक बोर्ड बैठक के आधिकारिक मिनट्स पार्षदों को नहीं दिए गए, जिससे असंतोष गहराता गया। मिनट्स की मांग को लेकर पार्षदों ने पहले सदन सचिव जंग बहादुर यादव को पत्र सौंपा और 10 दिन का समय दिया। लेकिन 18 जुलाई को जब फिर से पार्षदों ने संपर्क किया तो सचिव ने मिनट्स तैयार न होने की बात कह दी। इससे नाराज होकर सभी पार्षदों ने निगम परिसर में ही धरना शुरू कर दिया और ऐलान कर दिया कि जब तक मिनट्स की कॉपी नहीं मिल जाती, तब तक वे परिसर नहीं छोड़ेंगे। धरने के दौरान पार्षदों को अपने कक्ष में बैठने की सुविधा भी नहीं मिली क्योंकि पार्षद कक्ष की छत जर्जर थी और बिजली भी कटी हुई थी। इस कारण सभी पार्षद निगम परिसर के खुले क्षेत्र में बैठने को मजबूर हो गए। इस दौरान नगरायुक्त और अन्य अधिकारियों के साथ लगातार बातचीत चलती रही, लेकिन कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। रविवार की सुबह नगरायुक्त, सदन सचिव और मुख्य कर निर्धारण अधिकारी की पार्षदों से निर्णायक वार्ता हुई। काफी नोकझोंक के बाद निगम प्रशासन ने पार्षदों की तीन प्रमुख मांगों पर लिखित आश्वासन दिया कि 30 जून की बोर्ड बैठक के मिनट्स 25 जुलाई सुबह 10 बजे तक महापौर को सौंपे जाएंगे। नगरायुक्त की ओर से यह पत्र सभी पार्षदों को दिया गया, जिसके बाद पार्षदों ने अपना धरना खत्म कर निगम परिसर से वापसी की और अपने-अपने वार्ड की ओर लौट गए। पार्षदों ने प्रशासन को चेतावनी भी दी कि यदि 25 जुलाई तक वादा पूरा नहीं हुआ तो वे फिर से आंदोलन की राह अपनाएंगे। इस दौरान पार्षद नीरज गोयल, हिमांशु शर्मा, गौरव सोलंकी, कुसुम, मनोज गोयल, शशि, पवन गौतम, पूनम सिंह, राजकुमार भाटी, नरेश भाटी, भूपेंद्र उपाध्याय, ओमप्रकाश ओड, देवनारायण शर्मा, पवित्रा देवी, वीर सिंह, सुधीर, मुलायम सिंह, मुन्नी देवी कश्यप, जाकिर सैफी, डॉ. अनिल तोमर, धीरेंद्र बिल्लू, ओमपाल भाटी, धर्मेंद्र आदि पार्षद प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## संस्कार, शिक्षा और संगठन के बल पर ही समाज बनेगा सशक्त: नरेन्द्र कश्यप



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कश्यप निषाद समाज की चेतना, संगठन और सांस्कृतिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रविवार को लोनी के इंद्रपुरी क्षेत्र में देखने को मिली, जहां मां भगवती पैलेस गुरुद्वारा रोड पर कश्यप निषाद संगठन द्वारा आयोजित बौद्धिक चिंतन शिविर में हजारों की संख्या में समाज के सभी वर्ग युवा, महिलाएं, बुजुर्ग व पदाधिकारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री और संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने सामाजिक, सांस्कृतिक और संवैधानिक बोध का मंत्र देते हुए कहा कि संस्कार और शिक्षा के बिना समाज न दिशा पकड़ सकता है और न अधिकारों को हासिल कर सकता है। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि कश्यप निषाद समाज को अब श्रम और संगठित शक्ति से आगे बढ़ते हुए बौद्धिक नेतृत्व के रास्ते पर बढ ?ा है। उन्होंने कहा कि समय आ गया है जब बुजुर्ग पीढ़ी युवा पीढ़ी को अपने अनुभवों और मूल्यों से जोडे का प्रयास करे, ताकि समाज केवल संगठित न हो, सदाचार और शिक्षा से समृद्ध भी बने। उन्होंने स्पष्ट कहा, आज हमारे समाज के लोग हर क्षेत्र में उजाला फैला रहे हैं शिक्षा, राजनीति, प्रशासन, तकनीक, उद्यमिता लेकिन हमें इसे एक दिशा देनी होगी। यही बौद्धिक चिंतन शिविर का उद्देश्य है। कार्यक्रम में मंत्री कश्यप ने विशेष तौर पर शिक्षा को समाज की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि यदि समाज के प्रत्येक परिवार का एक बच्चा भी शिक्षित होकर आगे बढ़े तो यह पूरे समुदाय को ऊंचाई तक ले जा सकता है। उन्होंने कहा कि अब समय है कि हम अपने अधिकारों को केवल मांगें नहीं, बल्कि योग्य बनकर उन्हें हासिल करें।



## बच्चों को एक सुरक्षित बचपन देने के लिए हम संकल्पबद्ध हैं! बच्चे ही देश के भविष्य हैं: बीके शर्मा हनुमान

वेलकम इंडिया

> बच्चे देश और समाज का का भविष्य हैं क्योंकि वे ही आने वाली पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनका विकास और उनकी शिक्षा भविष्य के समाज, अर्थव्यवस्था और राजनीति को प्रभावित करती है। बच्चों को एक सुरक्षित बचपन देने के लिए हम संकल्पबद्ध हैं क्योंकि हमारा मानना है : बच्चे ही देश के भविष्य हैं।

**गाजियाबाद।** गोविंदपुरम कृष्णा गार्डन एनडीआरफ याया इंस्टीट्यूट के तत्वावधान में 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में गाज़ियाबाद के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 60 से 70 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बी.के. शर्मा हनुमान उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक शब्दों से बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

बच्चे देश और समाज का का भविष्य हैं क्योंकि वे ही आने वाली पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनका विकास और उनकी शिक्षा भविष्य के समाज, अर्थव्यवस्था और राजनीति को प्रभावित करती है। बच्चों को एक सुरक्षित बचपन देने के लिए हम संकल्पबद्ध हैं क्योंकि हमारा मानना है: बच्चे ही देश के भविष्य हैं। ये जितना समृद्ध होंगे, भारत उतनी ही तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। बच्चे देश के भविष्य हैं तो युवा वर्तमान हैं। ये युवा हमारी ताकत हैं। लेकिन, इसकी नींव बचपन में ही पड़ जाती है। उनके भविष्य को संवारने व सहेजने में सभी को सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम की आयोजिका एवं संस्थान की निदेशक सुश्री अल्पना शर्मा ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ बच्चों में रचनात्मकता, सोचने की स्वतंत्रता और सामाजिक सरोकारों की भावना को प्रोत्साहित करती हैं इस विशेष अवसर पर कई स्कूलों के प्रधानाचार्य, याया इंस्टीट्यूट की शिक्षिकाएं शिल्पा शर्मा, दीपिका गौड़ एवं पूरी याया टीम की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और भी विशेष बना दिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह और आनंद के साथ हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल एवं यादगार बना दिया। याया इंस्टीट्यूट परिवार की ओर से सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं उपस्थित अतिथियों का हार्दिक धन्यवाद एवं शुभकामनाएं।

## नगरायुक्त की पहल से खत्म हुआ पार्षदों का धरना

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम में बीते दो दिनों से चल रहे पार्षदों के धरने का रविवार को शांतिपूर्ण समाधान निकल आया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निगम कार्यालय पहुंचकर खुद पार्षदों से बातचीत की और स्थिति को नियंत्रित किया। पार्षदों द्वारा मांग की जा रही 30 जून की बोर्ड बैठक के मिनट्स की कॉपी को लेकर पैदा हुए भ्रम और असमंजस पर स्पष्ट आश्वासन देते हुए नगर आयुक्त ने कहा कि कांवड़ महोत्सव संपन्न होते ही संबंधित मिनट्स की कॉपी पार्षदों को दे दी जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया को लेकर राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता इंद्रजीत सिंह टीटू ने नगर आयुक्त की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक हल नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मयार्दा और जनप्रतिनिधियों के सम्मान की रक्षा का प्रमाण है। बीते दो दिन से नगर निगम प्रांगण में कई पार्षद धरने पर बैठे हुए थे, जिनकी मांग थी कि हाउस टैक्स में प्रस्तावित बढ़ोतरी को लेकर बोर्ड बैठक की आधिकारिक मिनट्स की कॉपी उन्हें तत्काल सौंपी जाए। इस असमंजस की वजह से जनता में भ्रम फैल रहा था, और निगम की छवि भी प्रभावित हो रही थी। नगर आयुक्त ने जब स्वयं आगे बढ़कर बातचीत की और यह आश्वासन दिया कि कांवड़ महोत्सव के बाद ही मिनट्स की प्रमाणिक प्रति सभी पार्षदों को सौंप दी जाएगी, तो पार्षदों ने भी समझदारी दिखाते हुए धरना समाप्त कर दिया। नगर आयुक्त ने इस मौके पर एक और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए यह भी घोषणा की कि अब किसी भी नागरिक को मोबाइल पर टैक्स भुगतान के लिए बढ़ी हुई दरों वाले मैसेज नहीं भेजे जाएंगे। यह फैसला जनता के लिए एक बड़ी राहत है, क्योंकि बीते दिनों में कई घरों में बिना निर्णय लागू हुए ही टैक्स जमा करने के दबाव वाले मैसेज पहुंच रहे थे, जिससे असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। नगर आयुक्त मलिक ने इस मौके पर एक और जनहितैषी निर्णय लेते हुए घोषणा की कि समय से पूर्व टैक्स जमा करने पर दी जा रही 20 प्रतिशत की छूट अब सितंबर महीने तक बढ़ा दी गई है। इस फैसले से लाखों घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को आर्थिक राहत मिलेगी, और लोग बिना दबाव के अपना टैक्स समय पर जमा कर पाएंगे। राष्ट्रीय लोकदल नेता इंद्रजीत सिंह टीटू ने कहा कि पार्षद जनता के चुने हुए प्रतिनिधि हैं और उनका धरने पर बैठना एक लोकतांत्रिक असंतुलन को दशार्ता है। लेकिन नगर आयुक्त की सकारात्मक पहल और पार्षदों की परिपक्वता के चलते जो समाधान निकला, वह शहर के लिए सौहार्दपूर्ण और स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की कार्यशैली में संवाद, संवेदनशीलता और त्वरित समाधान की झलक है।

## डिवाइडर से टकराई बाइक, एक कांवड़िए की मौत, दो गंभीर

**गाजियाबाद।** सावन की पवित्र कांवड़ यात्रा रविवार को एक दर्दनाक हादसे की चपेट में आ गई जब दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर तीन कांवडियों की बाइक तेज रफ्तार में डिवाइडर से टकरा गई। इस भीषण दुर्घटना में नोएडा के भंगेल निवासी 20 वर्षीय आकाश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अंशुल अवस्थी (23) और राहुल (22) को गम्भीर हालत में मेरठ के सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीनों कांवडिये हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर बाइक से नोएडा की ओर लौट रहे थे। बाइक आकाश चला रहा था। भोजपुर थाना क्षेत्र में टोल के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और आकाश की मौके पर ही मौत हो गई।

## 10 वर्षीय बच्चे की अपहरण के बाद हत्या, तीन हत्यारे गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र में 10 वर्षीय मासूम बच्चे की अपहरण के बाद नृशंस हत्या की गुत्थी को पुलिस ने मात्र 9 दिन में सुलझाकर तीन हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले का खुलासा करते हुए डीसीपी देहात सुरेन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि यह घटना जितनी दुखद है, उतनी ही संवेदनशील भी है। पर पुलिस की सतर्कता और तकनीकी दक्षता ने एक बार फिर साबित कर दिया कि अपराधी कानून की पकड़ से बच नहीं सकते। घटना की शुरूआत 10 जुलाई को उस समय हुई जब लोनी के महामाया कुंज निवासी रवि का दस साल का बेटा घर के बाहर खेलते समय लापता हो गया। परिजनों ने तुरंत थाना लोनी बॉर्डर में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर तलाशी शुरू की। शुरूआती खोजबीन से कोई सुराग नहीं मिला, लेकिन जैसे-जैसे पुलिस की टीम तकनीकी विश्लेषण और ग्राउंड इंटेलिजेंस के जरिये आगे बढ़ी, मामला अपहरण और फिर हत्या की ओर मुड़ता गया। लगातार नौ दिन की सघन जांच के बाद 19 जुलाई को इस नृशंस हत्या की साजिश रचने वाले तीनों अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त में आए। गिरफ्तार हुए अभियुक्तों में मुख्य नाम है धर्मेंद्र उर्फ राजू, जो मृतक के ही पड़ोस का रहने वाला है। पुलिस पूछताछ में धर्मेंद्र ने जो कहानी बयां की, वह बेहद चौंकाने वाली थी। उसने बताया कि उस पर काफी कर्ज था और वह ढाई लाख रुपये के लोन के लिए प्रयासरत था। मृतक बच्चे के ताऊ नरेश ने उससे पंद्रह हजार रुपये लेकर लोन दिलाने का झांसा दिया, लेकिन न लोन मिला और न पैसे वापस हुए। इसी बात से नाराज होकर धर्मेंद्र ने अपने बेटे रोहित और साथी गुड्डू के साथ मिलकर इस खौफनाक साजिश को अंजाम देने की योजना बनाई। 10 जुलाई की रात करीब नौ बजे धर्मेंद्र ने बच्चे को ऑटो में बैठाया और उसे दिल्ली के नरेला क्षेत्र में ले जाकर पहले गला दबाया और फिर सिर पर ईंट के भारी अद्दे से वार कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को सफेद बोरी में बंद कर पास के जलाशय में फेंक दिया गया। पुलिस ने धर्मेंद्र और उसके दोनों साथियों की निशानदेही पर शव बरामद कर लिया है और हत्या में प्रयुक्त ईंट का अद्दा और ऑटो भी जब्त कर लिया गया है।

## प्रकृति संरक्षण ही प्रकृति की पूजा: ओम प्रकाश उनियाल



यूं तो सनातन धर्म में हर देवी-देवता को पूजा जाता है क्योंकि सनातन धर्म एक ऐसा धर्म है जो युग-युगांतर से चला आ रहा है, जिसकी जितनी व्याख्या की जाए कम ही है। आस्था, श्रद्धा और भक्ति का अथाह सागर है सनातन धर्म। भारत के कोने-कोने में विभिन्न त्योहार मनाए जाते हैं। जिनका किसी न किसी देवी-देवता से संबंध होता है। हरेक की अपनी-अपनी मान्यता भी होती है। सुख-समृद्धि, कष्ट-निवारण के लिए अपने इष्ट आराध्य का नित स्मरण कर पूजते हैं। देवी-देवता अदृश्य हैं केवल भाव से ही उनको पूजा जाता है। लेकिन एक देव ऐसा भी है जो साक्षात है। वह है प्रकृति। जिसे हम भुलाते जा रहे हैं। जब मनुष्य के पास किसी प्रकार के संसाधन नहीं हुआ करते थे तब वह प्रकृति पर ही निर्भर रहता था। प्रकृति ही उसका भरण-पोषण करती थी। कंद-मूल उसका आहार थे। वृक्षों के पत्ते व छाल उसके वस्त्र। औषधीय जड़ी-बूटियां बीमारी का इलाज। गुफाएं घर। खेती के लिए वर्षा जल। पीने के पानी के लिए अथाह जल स्रोत। तब प्रकृति की पूजा उसका संरक्षण कर की जाती थी। प्रकृति प्रदत्त वस्तुओं का वह उतना ही उपयोग करता था जितनी आवश्यकता होती थी। ज्यों-ज्यों मानव सभ्यता विकसित होती गयी त्यों-त्यों प्रकृति को भुलाया जाने लगा। प्रकृति की पूजा करना तो दूर प्रकृति पर प्रहार कर उसका दोहन होने लगा। प्रकृति भी धीरे-धीरे रुष्ट होने लगी। आज विकास के नाम पर जिस बेरहमी से प्रकृति को उजाड़ कर छिन्न-भिन्न किया जा रहा है उसका भयंकर से भयंकर परिणाम मनुष्य से लेकर तमाम प्राणियों को भोगना पड़ रहा है। यहां तक कि रितु-चक्र भी तेजी से बदलता जा रहा है। प्रकृति बार-बार मनुष्य को विनाश की चेतावनी व संकेत दे रही है। इसके बाबजूद भी मानव चेत नहीं रहा।

## कांवड़ महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने में जुटा निगम

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** श्रावण मास की पवित्र बेला में भगवान शिव के भक्तों के स्वागत के लिए गाजियाबाद नगर निगम ने कमर कस ली है। आस्था, सेवा और व्यवस्था का यह अनूठा संगम नगर निगम के नेतृत्व में कांवड़ महोत्सव को अभूतपूर्व बनाने जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने मेरठ रोड स्थित कंट्रोल रूम से खुद मोर्चा संभालते हुए हर छोटी-बड़ी व्यवस्था पर गहरी नजर बनाए रखी है। निगम का दावा है कि इस बार का आयोजन इतिहास में सबसे व्यवस्थित और भव्य होगा। नगर आयुक्त ने निगम अधिकारियों और कर्मचारियों को दो टूक निर्देश दिए हैं जब तक अंतिम श्रद्धालु जलाभिषेक न कर ले, तब तक हर कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी निभाता रहे। कंट्रोल रूम से वॉकी-टॉकी के माध्यम से सभी विभागों के साथ संवाद करते हुए उन्होंने सफाई से लेकर सुरक्षा तक की हर व्यवस्था की व्यक्तिगत समीक्षा की। नगर आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि, गाजियाबाद नगर निगम के लिए कांवड़ महोत्सव सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं की सेवा का अवसर है। हम हर मोर्चे पर तत्पर हैं। महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में सोमवार और मंगलवार को कांवड़ यात्रियों का स्वागत भव्य पुष्प वर्षा से किया जाएगा। नगर निगम के पार्षद, अधिकारी और कर्मचारी भी श्रद्धालुओं पर पुष्पों की वर्षा कर उन्हें सम्मानित करेंगे। यह आयोजन श्रद्धालुओं के मन में गाजियाबाद की सेवा भावना की अमिट छवि छोडे वाला होगा। नगर निगम द्वारा हर शिविर, मंदिर व कांवड़ रूट पर डस्टबिन, मोबाइल शौचालय, फॉगिंग मशीनें और सफाई कर्मियों की टीमें 24 घंटे तैनात की गई हैं। डस्टबिन को नियमित खाली किया जा रहा है और मोबाइल टॉयलेट्स को दिन में कई बार साफ किया जा रहा है।